CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

**आवश्यकता है**

सेमसंग सर्विस सेंटर राजनांदगांव के लिए इंजीनियर व हेल्पर की।
हेल्पर को 4 हजार व इंजीनियर को 10 से 12 हजार के वेतन के साथ इन्सेंटिव भी।
-: संपर्क करें :-
7067901677, 9302879361, 9340129567



# छत्तीसगढ़ विधानसभा में गूंजा पीएससी घोटाला, दो साल में आयोग के खिलाफ मिले 48 शिकायतें

रायपुर। कांग्रेस शासनकाल में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) के खिलाफ करीब दो वर्षों में 48 शिकायतें हुई हैं। ये शिकायतें राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, राज्य गृहमंत्री और मुख्य सचिव तक पहुंची है। अधिकांश शिकायतें राज्यपाल, मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव से की गई है। इनमें रिश्तेदारों को नौकरी देने से लेकर परीक्षा में अनियमितता व भ्रष्टाचार, फर्जीवाड़ा, परिणाम में गड़बडी, पक्षपातपूर्ण कार्य के आरोप लगाए गए हैं।

विधानसभा में जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने लिखित जवाब में बताया कि सीजीपीएससी के खिलाफ वर्ष-2021 से नवंबर-23 तक 48 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने विधानसभा में यह प्रश्न उठाया। लिखित जवाब के मुताबिक इन शिकायतों में भर्ती में अनियमितता, पुत्र-पुत्री एवं रिश्तेदारों को डिप्टी कलेक्टर एवं अन्य पदों पर फर्जी तरीके से भर्ती करने, परिणाम में अनियमितता के आरोप लगाए गए हैं। वर्ष- 2019 में हुई सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर नौ शिकायतें मिली हैं। मुख्यमंत्री ने बताया है इन्हीं शिकायतों के आधार पर सीबीआई जांच का निर्णय लिया गया है।



### कंवर ने प्रधानमंत्री से की थी जांच कराने की मांग

पुत्र-पुत्री एवं रिश्तेदारों को फर्जी तरीके से भर्ती करने की आठ शिकायतें हुई हैं। रामपुर से तत्कालीन विधायक ननकीराम कंवर की ओर से प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री, राज्यापाल, मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव से पुत्र-पुत्री एवं रिश्तेदारों को फर्जी तरीके से भर्ती करने की शिकायत करके केंद्रीय जांच एजेंसी से जांच कराने की मांग की गई है।

दो मई 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से की गई शिकायत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में पदस्थ अध्यक्ष, सचिव, राजनेता एवं अन्य ने मिलकर अपने पुत्र-पुत्री एवं रिश्तेदारों को डिप्टी कलेक्टर एवं अन्य पदों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सदन में गूंजा पीडीएस वितरण में गड़बड़ी का मुद्दा, मूणत ने विपक्ष को घेरा, मामले की होगी जांच

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा दिन काफी हंगामेदार रहा। भाजपा विधायक राजेश मूणत और धरमलाल कौशिक ने पूर्व की कांग्रेस सरकार में पीडीएस वितरण में गड़बड़ी का मुद्दा उठाया। प्रश्नकाल में पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने खाद्य और पीडीएस से संबंधित सवाल दागे। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुई गड़बड़ियों पर कार्रवाई की मांग की। जिस पर खाद्य मंत्री ने विधानसभा समिति से जांच कराने की बात कहीं।

पूर्व मंत्री मूणत ने कहा कि कोरोनाकाल के दौरान केंद्र सरकार ने पीडीएस चावल सिस्टम छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार को दिया। मांग के आधार पर कांग्रेस सरकार को केंद्र सरकार ने कुल 28 लाख 10 हजार 780 मीट्रिक टन चावल दिया। आबादी और उस प्रस्ताव के आधार पर चावल का अलॉटमेंट हुआ। जिस परिवार में एक, दो और तीन व्यक्ति हैं, फिर वह अपात्र कैसे हो गए? संचालनालय से आदेश निकला कि इन-इन व्यक्तियों को नहीं मिला है, जबकि केंद्र से मिला है। लगभग 29 हजार 491 मीट्रिक टन चावल जो बचा हुआ है, वह कहां गया और किस कोटे में गया? भूपेश सरकार ने कहां समावेश किया? 4 साल से राशन दुकान का सर्वे नहीं किया गया। 4 साल तक ऑडिट (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# राकांपा का नाम, घड़ी चुनाव निशान अजीत पवार गुट को मिला



नई दिल्ली। पार्टी पर दावे की लड़ाई में शरद पवार को बड़ा झटका लगा है। लंबी सुनवाई के बाद चुनाव आयोग ने भतीजे अजित पवार के गुट को असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) करार दिया है। साथ ही उन्हें ही पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह घड़ी दोनों देने का फैसला सुनाया है।

### चुनाव आयोग ने शरद पवार को दिया वक्त

इसके साथ ही शरद पवार से अपने लिए पार्टी का नया नाम बुधवार को तीन बजे तीन विकल्पों के साथ मुहैया कराने को कहा है। शरद पवार और अजित पवार के बीच चल रही लड़ाई को लेकर यह फैसला छह महीने से ज्यादा समय से करीब दस सुनवाई के बाद दिया है। जिसमें आयोग ने दोनों ही पक्षों से पार्टी के अपने अधिकारों को लेकर सबूत पेश करने को कहा था। इस दौरान दोनों ही पक्षों ने अपने-अपने पक्ष में विधायकों, सांसदों और पदाधिकारियों के शपथ पत्र सौंपे थे।

चुनाव आयोग ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद विधानसभा, विधान परिषद के साथ ही लोकसभा व राज्यसभा के पार्टी के सदस्यों के समर्थन के आधार पर अपना फैसला सुनाया है। आयोग ने समाजवादी पार्टी और शिवसेना पर अधिकारों से जुड़े विवाद में भी इसी आधार पर फैसला दिया था।

आयोग की ओर से दिए गए 141 पन्नों के फैसले में बताया गया है कि अजित पवार के साथ महाराष्ट्र में पार्टी के 41 विधायक, विधान परिषद के पांच सदस्य, नगालैंड के सभी सात विधायक, झारखंड एक और लोकसभा के दो व राज्यसभा के एक सांसद ने किया समर्थन, जबकि शरद पवार के समर्थन में महाराष्ट्र के 15 विधायक के साथ ही विधान परिषद के चार सदस्य, केरल के दो विधायक और लोकसभा के चार व राज्यसभा के तीन सांसदों ने शपथ पत्र दिया था। इस दौरान महाराष्ट्र विधानसभा के पांच विधायक और लोकसभा के एक सांसद ने दोनों ही पक्षों के साथ रहने को लेकर शपथ पत्र दिया था।

### अजित पवार ने की थी बगावत

गौरतलब है कि दो जुलाई 2023 को अजित पवार 40 विधायकों के साथ बीजेपी और शिवसेना (शिंदे) की अगुवाई वाली सरकार में शामिल हो गए थे। इसके बाद उन्होंने एनसीपी दावा ठोंका था। इसके बाद यह पूरा विवाद चुनाव आयोग पहुंचा था।




# भारत, दक्षिण अफ्रीका को हराकर पहुंचा फाइनल में



बेनोनी। सचिन ढास 96 रन और कप्तान उदय सहारन की 81 रन की अर्धशतकीय पारी बदौलत भारतीय टीम ने मंगलवार को अंडर-19 विश्वकप के सेमीफाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को दो विकेट से हराकर फाइनल में पहुंच गई है।

245 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की शुरुआत बेहद खराब रही है और पहले ही ओवर में उसने सलामी बल्लेबाज आर्दश सिंह शून्य का विकेट गवां दिया। इसके बाद चौथे ओवर में मुशीर खान चार रन और नियमित अंतराल पर प्रियांशु मोलिया पांच रन और अर्शीन कुलकर्णी 12 रन बनाकर पवेलियन लौट गये है। 12वें ओवर में भारत का स्कोर चार विकेट पर 32 रन था। इसके बाद कप्तान उदय सहारन तथा सचिन ढास ने भारतीय पारी को संभाला और पांचवें विकेट लिये रिकार्ड 171 रनों की साझेदारी की। हालांकि सचिन ढास अपना शतक बनाने से चूक गये। उन्होंने 95 गेंदों में 11चौकों और एक छक्के की मदद से 96 रन बनाये। उदय सहारन ने 124 गेंदों में छह चौकों की मदद से 81 रन बनाये। अरावेल्ली अवनीश 10 रन बनाकर, मुरुगन अभिषेक शून्य पर आउट हुये। राज लिंबानी 13 रन बनाकर नाबाद रहे। लिंबानी ने 49 ओवर की पांचवीं गेंद पर चौका मारकर भारत को जीत दिला दी। भारत ने 48.5 ओवर में आठ विकेट पर 248 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया।

दक्षिण अफ्रीका की ओर से ट्रिस्टन लुस ने तीन और वेना मफाका को तीन विकेट मिले। इससे पहले गिलबर्ट प्रीटोरियस 76 रन और रिचर्ड सेलेट्सवेन 64 रनों की अर्धशतकीय पारी की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने भारत को जीत के लिए 245 रनों का लक्ष्य दिया है। आज यहां बूलोमूर पार्क में भारतीय कप्तान उदय सहारन ने अंडर-19 वर्ल्ड कप 2024 के सेमीफाइनल में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। दक्षिण अफ्रीका पारी शुरआत ठीक नहीं रही और पारी के पांचवें ओवर में राज लिंबानी ने स्टीव स्टॉक को 14 रन पर एरावेल्ली के हाथों कैच आउट कराया भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद लिंबानी ने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# छ.ग. तृतीय अनुपूरक अनुमान विधानसभा में पारित, किसानों को 12 हजार करोड़ और पिछड़ी जनजाति को मिलेंगे दो सौ करोड़



रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 13 हजार 487 करोड़ रुपये का तृतीय अनुपूरक अनुमान ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। वित्तमंत्री ओ.पी. चौधरी ने सोमवार को विधानसभा में तृतीय अनुपूरक अनुमान प्रस्तुत किया था, जिसे आज सदन में चर्चा के बाद ध्वनि मत से पारित कर दिया गया।

अनुपूरक अनुमान पारित होने के बाद वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि हमारी सरकार लोगों के लिए समर्पित सरकार है और हमारे बजट में हर वर्ग के उत्थान और समाज के कल्याण की भावना समाहित है। पीएम मोदी की एक और गारंटी को पूरा करने के लिए तृतीय अनुपूरक अनुमान में राज्य सरकार की महत्वकांक्षी कृषक उन्नति योजना के लिए 12 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

पीएम मोदी की गारंटी में किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रुपये प्रति क्विंटल के मान से खरीदने का वादा किया गया था। वर्तमान में धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर की गई है। कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों को अंतर की राशि का भुगतान जल्द किया जाएगा। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने तृतीय अनुपूरक अनुमान चर्चा पर अपनी बात रखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को महत्वपूर्ण सुझाव देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की बड़ी महत्वाकांक्षी 'जनमन योजना' के अंतर्गत हमारे विशेष रूप से पिछड़ी जनजाति के लोगों की कनेक्टिविटी के लिए 200 करोड़ का प्रावधान किया गया है तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका के लिए 195 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। अनुपूरक अनुमान में रामलला (अयोध्या धाम) दर्शन योजना के लिए 15 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सीएम विष्णुदेव साय के मीडिया सलाहकार बने पंकज कुमार झाः विशेष सचिव के समान मिलेंगी सुविधाएं



रायपुर। रायपुर और दिल्ली में छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह के मीडिया प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाल चुके वरिष्ठ पत्रकार पंकज कुमार झा को सीएम विष्णुदेव साय का मीडिया सलाहकार नियुक्त किया गया है। छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डीडी सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

### विधानसभा चुनाव 2023 में निभाई अहम भूमिका

वे लंबे समय से बीजपी से जुड़े रहे हैं। विधानसभा चुनाव 2023 में प्रदेश घोषणा पत्र समिति के सदस्य सचिव, प्रदेश घोषणा पत्र समिति के प्रारूप समिति के प्रमुख, कंटेंट निर्माण समिति के संयोजक, नॉरेटिव समिति के सदस्य और बीजेपी मीडिया/ सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर के रूप में अपना दायित्व निभा चुके हैं। अमेरिका, मेक्सिको, थाईलैंड और नेपाल का दौरा भी कर चुके हैं।

उन्होंने माखनलाल पत्रकारिता विश्वविद्यालय भोपाल से प्रसारण पत्रकारिता में एमए की शिक्षा प्राप्त की है। वो वर्ष 2004 से भारतीय जनता पार्टी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# बढ़ती कीमतों से राहत देने के लिए भारत राइस लॉन्च, 29 रुपये प्रति किलो के भाव पर उपलब्ध

नई दिल्ली। सरकार ने मंगलवार को 29 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर भारत चावल लॉन्च कर दिया है। सरकार की ओर से यह कदम बीते कुछ दिनों में अनाज की कीमतों में 15त्न की वृद्धि के बाद उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए उठाया गया है।

खाद्य व उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने पांच किलोग्राम और 10 किलोग्राम के पैक में उपलब्ध सब्सिडी वाले चावल की शुरुआत करते हुए कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि दैनिक खाद्य पदार्थ आम लोगों के लिए किफायती दरों पर उपलब्ध हों। गोयल ने कहा, 'थोक हस्तक्षेप (कीमतों को नियंत्रित करने के लिए उठाए गए कदमों) से अधिक लोगों को फायदा नहीं हो रहा था, ऐसे में मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के तहत खुदरा हस्तक्षेप की शुरुआत की गई।'



**सरकार की कोशिशों से टमाटर और प्याज की कीमतें नीचे आईं, बोले पीयूष गोयल**

उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग के उपभोक्ताओं और गरीबों को राहत देने के लिए 'भारत ब्रांड' के तहत चावल खुदरा कारोबार के तहत 29 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बेचा जाएगा। 'भारत चावल' के प्रत्येक किलो में, 5 प्रतिशत टूटे हुए चावल होंगे। गोयल ने कहा कि सरकार के प्रयासों से टमाटर और प्याज की कीमतों को तेजी से नीचे लाने में मदद मिली है।

गोयल ने कहा, जब से हमने 'भारत आटा' बेचना शुरू किया है, पिछले छह महीनों में गेहूं के मामले में शून्य रही है। यही प्रभाव हम चावल में देखेंगे। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि मध्यम वर्ग के लोगों की थाली में जाने वाली वस्तुओं की कीमतें काफी स्थिर हैं। गोयल ने कहा कि सरकार दैनिक जरूरतों को सस्ती दरों पर मुहैया करने के लिए सक्रिय है। उन्होंने 'भारत राइस' बेचने वाली 100 मोबाइल वैन को भी हरी झंडी दिखाई और पांच लाभार्थियों को 5 किलो के पैक भी वितरित किए।

भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) पहले चरण में दो सहकारी समितियों - नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (नाफेड) और नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एनसीसीएफ) के साथ-साथ खुदरा श्रृंखला केंद्रीय भंडार को 5 लाख टन चावल उपलब्ध (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## महादेव सट्टा ऐप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर की जानकारी देने वाले को मिलेगा 35 हजार का इनाम, एसपी और आईजी ने की घोषणा

दुर्ग। महादेव सट्टा एप के संचालक व फरार आरोपित सौरभ चंद्राकर की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने 35 हजार रुपये इनाम की घोषणा की है। आरोपित की जानकारी देने वाले को दुर्ग आईजी की ओर से 25 हजार रुपये व एसपी की ओर से 10 हजार का इनाम दिया जाएगा। आरोपित को गिरफ्तार कराने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जाएगा। महादेव सट्टा एप के फरार आरोपित सौरभ चंद्राकर (27) के खिलाफ भिलाई के जामुल थाना में जुआ एक्ट का अलग-अलग मामला दर्ज है। सौरभ के खिलाफ 12 अप्रैल 2022, चार व 23 जून 2023 को अपराध दर्ज किया गया था। आरोपित सौरभ भिलाई के छावनी थाना अंतर्गत मदर टेरेसा नगर मयूर पार्क के पास का रहने वाला है और लंबे समय से फरार चल रहा है। अब आरोपित की गिरफ्तारी के लिए आईजी ने 25 हजार व एसपी ने 10 हजार रुपये इनाम की घोषणा की है। फरार आरोपित के संबंध में जानकारी रखने वाला व्यक्ति पुलिस अधीक्षक दुर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (अपराध), नगर पुलिस अधीक्षक छावनी व थाना प्रभारी जामुल को संपर्क कर जानकारी दे सकते हैं।

# छग में हुई 145 लाख टन धान की खरीदीः टूटा पिछले 25 वर्ष का रिकार्ड, 24 लाख से अधिक किसानों को 30.68 हजार करोड़ का भुगतान

रायपुर। छत्तीसगढ़ में पीएम नरेंद्र मोदी की गारंटी के अनुसार समर्थन मूल्य पर अब तक की सबसे बड़ी धान की खरीदी हुई है। एक नवंबर से 4 फरवरी तक चले अभियान में 24 लाख 72 हजार से अधिक किसानों से 144.92 लाख टन धान की खरीदी की गई है। छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद अब तक हुई यह सबसे बड़ी धान खरीदी है।

इस वर्ष 130 लाख टन धान खरीदी का अनुमान लगाया गया था। इस साल की धान खरीदी की तुलना करने पर यह पिछली धान खरीदी से 37.39 लाख टन अधिक है। पिछले साल 107.53 लाख टन धान की खरीदी हुई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी की गई। किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से धान की खरीदी की गई है। वर्तमान में किसानों को समर्थन मूल्य का भुगतान किया गया है। जल्द ही अंतर की राशि का भुगतान किसानों को किया जाएगा। धान खरीदी सीजन में 24 लाख 72 हजार से अधिक किसानों से 144.92 लाख टन धान की खरीदी की गई है। इसके एवज में किसानों को 30 हजार 68 करोड़ 81 लाख रुपए का भुगतान किया गया है।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किसानों एवं किसान प्रतिनिधियों की मांग और उनकी परेशानियों को देखते हुए धान खरीदी की अवधि 31 जनवरी से बढ़ाकर 4 फरवरी कर दी थी। ऐसे किसान जो किसी कारण से 31 जनवरी तक धान नहीं बेच पाए थे, उन किसानों को मुख्यमंत्री के इस संवेदनशील फैसले का लाभ मिला। धान खरीदी के लिए बढ़ाई गई अवधि में 19 हजार से अधिक किसान लाभान्वित हुए हैं। 1 फरवरी से लेकर 4 फरवरी के बीच 2.69 लाख टन धान की खरीदी हुई।

राज्य में चालू खरीफ विपणन वर्ष में 130 लाख टन धान का उपार्जन अनुमानित था। धान की रिकॉर्ड खरीदी के चलते अनुमानित उपार्जन का आंक?ा काफी पीछे छूट गया है। इस साल धान बेचने के लिए राज्य के 26.85 लाख किसानों ने अपना पंजीयन कराया था। पंजीकृत धान का रकबा 33.51 (शेष पृष्ठ 6 पर...)


















# टीएल की बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

## राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए सप्ताह में एक दिन लगाएं शिविर



**महतारी वंदन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कार्य करने की जरूरत - कलेक्टर**
**o आंगनबाड़ी केन्द्रों में फार्म रहे उपलब्ध**
**o विधानसभा के प्रश्नों का समय पर दें उत्तर**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि सभी अधिकारी विधानसभा सत्र के दौरान आने वाले प्रश्नों का उत्तर समय पर भेजना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उत्तर की गुणवत्ता, तथ्यात्मक जानकारी भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना के लिए मुनादी जरूर करवाएं, ताकि जानकारी होने पर जनसामान्य स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ ले सकेंगे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जनपद सीईओ को मुख्यमंत्री हाटबाजार योजना के आयोजन के संबंध में जानकारी देने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कार्य करने की जरूरत है। सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में फार्म उपलब्ध होना चाहिए। इसके साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर एवं नगरीय निकाय अंतर्गत वार्ड में भी फार्म उपलब्ध रहे। उन्होंने इसकी मानिटरिंग करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। फार्म भरने में हितग्राहियों को कोई दिक्कत नहीं होना चाहिए। इसके लिए कंट्रोल रूम बनाने के लिए कहा।

कलेक्टर ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति के कोई भी अधिकारी मुख्यालय से बाहर नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों को रोजगार मिलते रहना चाहिए। उन्होंने धरसा रोड के निर्माण, अमृत सरोवर एवं खेल मैदान के निर्माण कार्य तथा अन्य विभागों के निर्माण कार्यों में मनरेगा के तहत श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उक्त दिशा-निर्देश कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में दिए।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान प्राप्त होने वाले आवेदनों के निराकरण तथा केन्द्र शासन की योजनाओं से जनसामान्य को होने वाले लाभ के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि केन्द्र शासन की योजनाओं के अंतर्गत किए जा रहे निर्माण कार्यों में कान्ट्रेक्टर को समय पर भुगतान करें। सभी निर्माण कार्य से संबंधित एजेंसी कार्यों की गति, निर्धारित समय एवं गुणवत्ता पर ध्यान देते हुए कार्य करें। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पानी की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। शहरी क्षेत्र में जल की आपूर्ति के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण अच्छा कार्य करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की जरूरत है, इस दिशा में कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए सप्ताह में एक दिन शिविर लगाएं तथा नामांकन, सीमांकन, बटवारा सहित अन्य प्रकरणों का समाधान करें। भू-अर्जन के प्रकरणों का समय पर निराकरण करें। किसी भी प्रोजेक्ट की अवधि बढ़ने पर उनकी राशि लागत भी बढ़ती है, इसलिए समय पर कार्य करें। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसान उत्पादक संगठन अंतर्गत बीज उत्पादन करने के लिए कार्ययोजना बनाने तथा क्लस्टर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों का आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, पीजी पोर्टल, ई-कोर्ट सहित अन्य शासन की योजनाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, एसडीएम राजनांदगांव अरूण वर्मा, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# नागरिकों ने जनदर्शन में कलेक्टर को बताई अपनी समस्याएं



**अधिकारियों को आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के दिए निर्देश**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से जनसामान्य यहां आते हैं। उनकी समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित करना है। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में भीखूराम ने बटवारा, सचेन्द्र ने सड़क चौड़ीकरण में अधिग्रहित भूमि का मुआवजा दिलाने, अनील बोरकर ने कब्जा हटाने, तारण लाल चन्द्रवंशी ने नाली निर्माण कार्य पूर्ण कराने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। उल्लेखनीय है कि जिले के सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारी कार्यालय एवं तहसील कार्यालय में जनदर्शन का आयोजन होता है। जहां जनसामान्य अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पहुंचते है।

## पहला कॉलम...

### कल कमला कालेज का वार्षिक पदक वितरण समारोह

राजनांदगांव (दावा)। शा. कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय का वार्षिक पदक वितरण समारोह का आयोजन 8 फरवरी, दिन-गुरूवार को होगा।

कालेज के प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीस सूत्रीय क्रियान्वयन समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष खूबचंद पारख होंगे, वहीं अध्यक्षता पूर्व सांसद मधुसूदन यादव करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजगामी संपदा के पूर्व अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, राजगामी संपदा के पूर्व अध्यक्ष रमेश पटेल, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष सचिन बघेल, छग वेयर हाऊस कारपोरेशन के पूर्व अध्यक्ष नीलू शर्मा, समाजसेवी राजेन्द्र गोलछा, कृषि मंडी के पूर्व उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत एवं नगर पालिक निगम के नेता प्रतिक्ष किशुन यदु शामिल होंगे। उक्त जानकारी महाविद्यालय के प्रभारी प्राध्यापक डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने दी।

### आज अर्द्ध दिवस अवकाश घोषित

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता 2024 के समापन समारोह पर राजनांदगांव नगर निगम क्षेत्र में स्थित सभी शासकीय-अर्द्धशासकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थाओं के लिए 7 फरवरी को अपरान्ह 2 बजे से शाम 5.30 बजे तक अर्द्धदिवस अवकाश घोषित किया है। यह अवकाश बैंकों एवं कोषालयों के लिए लागू नहीं है।

### पंडित अयोध्या प्रसाद शुक्ला का निधन



राजनांदगांव (दावा)। सिनेमा लाईन निवासी पंडित अयोध्या प्रसाद शुक्ला, सेवानिवृत्त प्रधान पाठक, म्युनिसिपल स्कूल का मंगलवार 06 फरवरी दोपहर 11 बजे 86 वर्ष की आयु में दुःखद निधन हो गया है। वे कान्यकुब्ज महिला मंडल राजनांदगांव की सचिव श्रीमती लक्ष्मी शुक्ला के पति एवं संस्कारधानी के शिक्षाविद् डॉ. अमित शुक्ला हित श्रीमती नीरजा त्रिवेदी रायपुर एवं श्रीमती मोना श्रीवास्तव के पिता थे। दिवंगत की अंतिम यात्रा 06 जनवरी मंगलवार को संध्या 4 बजे सिनेमा लाइन स्थित निज निवास से लखोली मुक्तिधाम के लिये रवाना हुई जिसमें परिजनों, सामाजिक बन्धुओं सहित नगर के गणमान्य नागरिकगण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

### शिवराम साहू का निधन



राजनांदगांव (दावा)। बजरंगपुर-नवागांव वार्ड नं. 2 निवासी शिवराम साहू का आकस्मिक निधन 6 फरवरी मंगलवार को हो गया। वे शास. उ.मा.शाला सुरगी में सहायक ग्रेड दो के पद पर पदस्थ थे। उनकी अंतिम यात्रा निज निवास से मुक्तिधाम मोतीपुर हेतु 7 फरवरी बुधवार को प्रातः 10 बजे निकाली जायेगी।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
साऊथ की रोमांस, एक्शन से भरपूर सुपर हिट हिन्दी भाषा में
सलार
कलाकार - प्रभास, श्रुति हासन, पृथ्वीराज कुमारन, टिनू आनंद जगपती बाबू, श्रिया रेड्डी आदि




ता. 9 से
गांव के जीरो शहर मा हीरो
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

silver SCREEN SILVER SCREEN Multiplex
02nd Feb to 08th Feb 2024




Fighter - 12:30, 03:30 06:30 and 09:30 pm
Hanu-man - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 808560020

## सफाई एवं निर्माण कार्य देखने आयुक्त सुबह पहुँचे पेण्ड्री



**पेण्ड्री एसएलआरएम सेन्टर का निरीक्षण कर घर में ही कचरा पृथककरण करने समझाईस देने स्वच्छता दीदीयों को दिये निर्देश**

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता आज प्रातः शहर में चल रहे निर्माण कार्य के निरीक्षण के तहत पेण्ड्री मे चल रहे विकास कार्य का जायजा लेकर कार्य में गति लाकर गुणवत्ता के साथ समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये, साथ ही वार्ड में साफ सफाई नियमित रूप से करने निर्देशित किये।

आयुक्त श्री गुप्ता पेण्ड्री में आईएचएसडीपी के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का जायजा लेकर कार्य तेजी से कराने ठेकेदार को निर्देशित करने कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके को निर्देश दिये। सीमेंट कांक्रिटिंग रोड एवं नाली निर्माण में गति लाकर समय सीमा में करने तथा नियमित रूप से पानी की तराई करने निर्देशित करते हुये कहा कि उप अभियंता प्रतिदिन कार्य की मानिटरिंग करें, और संबंधित मेट कार्य अवधि के दौरान उपस्थित रहे, इसका विशेष ध्यान रखा जावे। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चल रहे आवास निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी लेकर ठेकेदार को कार्य में तेजी लाने निर्देशित करने कहा, जिससे हितग्राहियों को इसका विधिवत आबंटन किया जा सके।

आयुक्त श्री गुप्ता पेण्ड्री एसएलआरएम सेन्टर का निरीक्षण कर कचरा संकलन की जानकारी ली। उन्होंने गीला व सुखा कचरा पृथकीकरण के संबंध में प्रभारी से चर्चा कर डोर टू डोर कचरा संग्रहण के प्रतिदिन की जानकारी लेकर निर्धारित समय तक कचरा एकत्रीकरण कर शत-प्रतिशत यूजर चार्ज वसूली के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता दीदी कचरा संग्रहण के दौरान घर में ही कचरा पृथककरण करने लोगों को समझाईस देवे तथा अलग-अलग डस्टबिन का उपयोग करने, झिल्ली पन्नी का उपयोग नही करने स्वच्छता अपनाने भी अपील करें। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, स्वास्थ्य अधिकारी दीपक अग्रवाल, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू उपस्थित थे।

# लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न पर सिंधी समाज में जश्न का माहौल



**रिद्धि सिद्धि सिंधी समाज द्वारा मिठाइयां वितरित कर मनाया जश्न**

राजनांदगांव (दावा)। सिंधी समाज द्वारा भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत सरकार द्वारा भारत का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न सम्मान दिए जाने पर रिद्धि सिद्धि सिंधी समाज द्वारा पटाखे फोड़ कर एवं मिठाइयां बताकर जश्न मनाया गया। रिद्धि सिद्धि सिंधी समाज के अध्यक्ष रमेश गंगवानी (अधिवक्ता) व सचिव शंकर ज्ञानचंदानी ने बताया कि यह संपूर्ण देश एवं समाज के लिए गौरव की बात है एवं इससे समाज के प्रत्येक समाजसेवी एवं व्यक्ति को प्रेरणा लेनी चाहिए। आडवाणी जी यह मानते हैं कि यह जीवन अपना नहीं देश का है ऐसी भावना सिंधी समाज को और भी गौरवान्वित महसूस करवाती है।

इस दौरान समाजसेवी, बृजलाल वाधवानी, लकी रूपवानी, अनूप दरयानी, प्रहलाद अंदानी, लोकचंद व गौरव खेमानी, कपिल अंदानी, रतन धनवानी, विक्की वाधवानी परमेश्वर वाधवानी, सागर भीम नानी, मनीष वाधवानी, नरेश वाधवानी, बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## शहर में 8 से 11 फरवरी तक विकसित भारत संकल्प यात्रा का द्वितीय चरण

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं भारत सरकार के फ्लेगशीप स्कीम के प्रचार प्रसार तथा योजनाओं के कवरोज को बढ़ावा देने एवं हितग्राहियों में जागरूकता लाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा का द्वितीय चरण शहर में 8 फरवरी से 11 फरवरी तक कैम्प के माध्यम से आयोजित की जा रही है। कैम्प के सफल आयोजन के लिये निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने अधिकारियों व कर्मचारियों को दायित्व सौपा है।

संकल्प यात्रा एवं कैम्प के संबंध में आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि केन्द्र सरकार की योजना के संबंध में जानकारी एवं लाभ देने निगम सीमाक्षेत्र में 8 फरवरी से 11 फरवरी तक 7 स्थानों पर शिविर लगाया जा रहा है। शिविर 8 फरवरी को मोतीपुर स्कूल मैदान में प्रातः 8:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक व ठा.प्यारेलाल स्कूल मैदान में दोपहर 1:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित किये जायेगे। इसी प्रकार 9 फरवरी को रेवाहीह गौठान के पास मानस भवन मैदान में प्रातः 8:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक व बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल मैदान बसंतपुर में दोपहर 1:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक, 10 फरवरी को बजरंग चौक पानी टंकी मैदान सिगदई में प्रातः 8:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक व अनुसूचित जाति बालक छात्रावास मैदान नंदई में दोपहर 1:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक तथा 11 फरवरी को कन्हारपुरी स्कूल मैदान में प्रातः 8:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक आयोजित किये जायेगे। उन्होंने संकल्प यात्रा प्रभारी का दायित्व उपायुक्त मोबिन अली को सौंपा है तथा नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके व प्र.कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव को बनाया है। इसके अलावा विभिन्न व्यवस्था के लिये अधिकारियों व कर्मचारियों को दायित्व सौंपा गया है। शिविर में विभिन्न विभागों की भी भागीदारी रहेगी, जिनके द्वारा योजना से संबंधित जानकारी दी जावेगी।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि शिविर का प्रारंभ 8 फरवरी को प्रातः 8:30 बजे मोतीपुर स्कूल मैदान में प्रारंभ होगा। जिसका उद्घाटन जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के द्वारा किया जायेगा। सभी शिविरों में भारत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी मोर जमीन मोर मकान, प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान मोर आस, अमृत मिशन योजना, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना प्रधानमंत्री उज्जवला योजना तथा प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के अलावा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित विभिन्न विभाग के स्टाल लगाये जायेगे, जहॉ योजना का लाभ देने आवेदन भराने के साथ साथ त्वरित लाभ भी दिया जायेगा।

उन्होंने महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, निगम अध्यक्ष हरिनारायण पप्पू धकेता, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु सहित पार्षदगण, जनप्रतिनिधि,गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार बंधुओं से शिविर में उपस्थिति की अपील की है।

**शुभांक**

अनुमानित

| | |
|---|---|
| बी. के | |
| 3-6-9 | |
| 556-6 | 688-2 |
| राजधानी | |
| 1-5-7 | |
| 660-2 | 679-2 |

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# प्रदेश मुस्लिम मनिहार समाज की बैठक रायपुर में संपन्न हुई

**o नौजवानों के रोजगार, बच्चों की उच्च-शिक्षा, महिलाओं का शक्तिकरण, मुस्लिम मनिहार समाज के युवक-युवतियों के विवाह के लिए परिचय सम्मेलन व सामूहिक विवाह मुख्य उद्देश्य**



राजनांदगांव (दावा)। 3 फरवरी को रायपुर शहर में छत्तीसगढ़ मुस्लिम मनिहार समाज के अध्यक्ष हाजी रईस अहमद शकील साहब राजनांदगांव वालों की अध्यक्षता में मीटिंग रखी गई, जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी शहरों से सदस्य उपस्थित हुए, जिस पर अनेक बिंदुओं पर बात रखी गई कि समाज को किस तरह संगठित कर उसे प्रदेश की जनधारा से जोड़ा जाए। इस मीटिंग में समाज की महिलाओं का शक्तिकरण, बच्चों की उच्च शिक्षा, नौजवानों के रोजगार, मुस्लिम मनिहार समाज के बच्चों की शादी के लिए परिचय सम्मेलन व सामूहिक विवाह पर चर्चा हुई और कई अहम निर्णय लिए गए और समाज को शासन-प्रशासन से मिलकर शासकीय सेवाओं का लाभ किस तरह पहुंचाया जा सके, इस पर मंथन किया गया, जिस पर समाज के बुद्धिजीवी लोगों ने अपना सुझाव व योगदान देने की सहमति दी।

प्रदेश मनिहार समाज की मीटिंग शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस मीटिंग में शामिल होने वालों में प्रदेश कमेटी के सरपरस्त हाजी अब्दुल बशीर साहब राजनांदगांव, अब्दुल रशीद साहब रायपुर, अब्दुल वहाब साहब राजनांदगांव, अशफाक भाई भाटापारा, मोहम्मद अफशीन भाई साहब रायपुर, प्रदेश अध्यक्ष हाजी रईस अहमद शकील साहब राजनांदगांव, प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी अब्दुल फहीम साहब रायपुर, प्रदेश सचिव हाजी शमीम अहमद जगदलपुर, खजांची मोहम्मद असलम धमतरी, सहसचिव अब्दुल मुकीम साहब रायपुर, नौशाद बख्श राजा भाई महासमुंद, संगठन मंत्री मोहम्मद नईमुद्दीन रायपुर, सलाहकार अनीश मनिहार दुर्ग, मोहम्मद अशफाक साहब, महासमुंद प्रचार-प्रसार मंत्री अब्दुल हक साहब राजनांदगांव, विशेष आमंत्रित सदस्य मोहम्मद हकीमुद्दीन साहब गरियाबंद, सरफराज भाई साहब भाटापारा, अनीश मनिहार रायपुर, अब्दुल शादाब रायपुर, मुजाहिद भाई गरियाबंद, छत्तीसगढ़ सुन्नी मुस्लिम मनिहार समाज के सदस्य मौजूद रहे।

**न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव**
**जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.मा.क्र. बी-121 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा समस्त मोहल्ला/ ग्रामवासी ग्राम तुमड़ीलेवा प.ह.नं. 19 रा.नि.मं. राजनांदगांव तह. व जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक चुन्नीलाल जैन आ. भंवर लाल जैन निवासी शहर/ ग्राम बांधा तलाब दुर्ग द्वारा ग्राम/मोहल्ला तुमड़ीलेवा प. ह. नं. 19 रा. नि. मं. खैरझिटी तह. व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं. 578/1 रकबा 0.365 डुप्लीकेट किसान किताब प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त वर्णित भूमि का डुप्लीकेट किसान किताब जारी किये जाने पर जिस किसी हितबद्ध व्यक्ति को कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत करना हो तो वे सुनवाई दिनांक 20/02/2024 तक लिखित मे मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव उक्त ईश्तहार आज दिनांक को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दि: 05.02.24
सुनवाई दि: 20.02.24
तहसीलदार राजनांदगांव (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तसीलदार राजनांदगांव**
मामले कीश्रेणी: राजस्व
संदर्भः- जिला-राजनांदगांव तहसील-राजनांदगांव प.ह.नं.-00019 भाठागांव ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT202324420507000005
**ईश्तहार**

तहसील राजनांदगांव के प.ह.नं. 00019 के अंतर्गत ग्राम भाठागांव के वर्तमान भूमिस्वामी रमेशचंद जैन पिता-जसराजजी जैन पता-सा. लोहार पारा राजनांदगांव के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 572/1 (0.1090) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता शारदा बाई जैन पति-स्व. रमेशचंद जैन, श्रेयांश जैन, श्रद्धा जैन, निकिता जैन पिता स्व. रमेशचंद जैन के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनाक 16/02/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार राजनांदगांव पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/02/2024 को जारी किया जाता है।

**नायब तहसीलदार, राजनांदगांव**

**न्यायालय नायब तसीलदार राजनांदगांव**
मामले कीश्रेणी: राजस्व
संदर्भः- जिला- राजनांदगांव तहसील-राजनांदगांव प.ह.नं.-00032 भेड़ीकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. CT202324420509700010
**ईश्तहार**

तहसील राजनांदगांव के प.ह.नं. 00032 के अंतर्गत ग्राम भेड़ीकला के वर्तमान भूमिस्वामी रमेशचंद्र पिता स्व. जसराज जैन पता-सा.राज. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 61/5(0.2590) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रेयांश जैन, श्रद्धा जैन, निकिता जैन पिता स्व. रमेशचंद जैन, श्रीमती शारदा जैन पति-स्व. रमेशचंद जैन के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16/02/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 31/01/2024 को जारी किया जाता है।

**नायब तहसीलदार, राजनांदगांव**

**न्यायालय नायब तसीलदार राजनांदगांव**
मामले कीश्रेणी: राजस्व
संदर्भ :- जिला- राजनांदगांव तहसील-राजनांदगांव प.ह.नं.-00032 गठुला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. CT202324420537500013
**ईश्तहार**

तहसील राजनांदगांव के प.ह.नं. 00032 के अंतर्गत ग्राम गठुला के वर्तमान भूमिस्वामी रमेशचंद्र, मोतीलाल पिता स्व. जसराज जैन पता-सा.राज. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 567/9 (0.2100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रेयांश जैन, श्रद्धा जैन, निकिता जैन पिता स्व. रमेशचंद जैन, श्रीमती शारदा बाई जैन पति-स्व. रमेशचंद जैन के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16/02/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 31/01/2024 को जारी किया जाता है।

**नायब तहसीलदार, राजनांदगांव**

# नक्सली मिलिशिया कमांडर सहित तीन संघम सदस्य ने किया भरमार बंदूक के साथ आत्मसमर्पण

**आत्मसमर्पण नीति अंतर्गत पुनर्वास व अन्य सुविधाओं के बारे में किया गया था उल्लेख**

**पुलिस की नक्सल उन्मूलन के लिए किये अनूठी पहल का हुआ असर एसपी ने दी समर्पित नक्सलियों को प्रोत्साहन राशि**

**० नक्सलियों को आतंक का रास्ता छोड़ समाज की मुख्यधारा में जुड़ने जारी किए गए थे पुलिस द्वारा पर्चे**



राजनांदगांव (दावा)। जिला पुलिस मोहला-मॉनपुर, अं. चौकी पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह (भापुसे) द्वारा नक्सलवाद के उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे अभियान कार्यवाही में बड़ी सफलता मिली है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन प्रशांत कतलम, उपपुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ताजेश्वर दीवान के नेतृत्व में पूर्व में कुछ समय पहले नक्सली को आत्म समर्पण करने और शासन की पुनर्वास नीति से संबंधी पर्चे अंदरूनी ग्रामों में पर्चे वितरित किए गए थे, जिसका व्यापक असर हुआ है, जिससे प्रभावित होकर आतंक का रास्ता छोड़ कर नेशनल पार्क एरिया बीजापुर के मिलिशिया कमांडर लखमु पल्लये पिता केये पल्लये ग्राम उस्का पटनम थाना बेदरे जिला बीजापुर, मिलिशिया सदस्य राजेश कुमार कोरमा पिता मांडो कोरमा ग्राम अठवली थाना कुटरू जिला बीजापुर, मिलिशिया सदस्य सोनुराम कड़ियाम पिता विजय कड़ियाम ग्राम तोयेनार थाना तोयेनार जिला-बीजापुर ने अपने भरमार बंदूक के साथ दिनाँक 06.02.2024 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय मोहला में पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह (भापुसे) के सामने आत्मसमर्पण किये हैं, तथा पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह (भापुसे) के द्वारा समर्पित तीनों नक्सलियों को प्रोत्साहन राशि भी प्रदाय किया गया।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन प्रशांत कतलम, उप पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ताजेश्वर दीवान, उपपुलिस अधीक्षक कौशल किशोर वासनिक, रक्षित निरीक्षक भुनेश्वर कश्यप उपस्थित रहे।

# महतारी वंदन योजना में पात्रता आयु 18 वर्ष कर महिलाओं को सुविधा दे सरकार- हेमा देशमुख



**मोबाइल एप लॉन्च कर, निराश्रित/ विधवा/ परित्यगता/ महिलाओं को पूरी राशि भी दे सरकार**

राजनांदगांव (दावा)। छ.ग. सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना आनन फानन में लागू कर राज्य की महिलाओं के साथ छल करने के लिए जो नियम में शर्तें बनाई गई है उसे समाप्त करने के लिए छ ग प्रदेश महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष एवं राजनांदगांव की महापौर हेमा देशमुख के नेतृत्व में महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव कुसुम दुबे, शहर अध्यक्ष माया शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष रीना पटेल, प्रतिमा बंजारे, वरिष्ठ पार्षद दुलारी साहू, पूर्णिमा नागदेवे,प्रवक्ता निकहत परवीन, विद्या तिरपुड़े, ललिता जी ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर राजनांदगांव को ज्ञापन सौंपकर बेतुके शर्तें हटाने व सुविधा के लिए मांग की है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने तत्काल शासन को ज्ञापन प्रेषित करने की बात कहे है। बड़ी संख्या में महिलाएं योजना से वंचित एवं परेशान हो रही है उनकी परेशानियों को देखते हुए प्रदेश महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष व राजनांदगांव की महापौर हेमा देशमुख ने मोर्चा खोलते हुए महतारी वंदन योजना के अव्यवहारिक नियम शर्तों को हटाने के मजबूत सकारात्मक पहल की है।

प्रदेश महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष एवं राजनांदगांव की महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने कही कि महतारी वंदन योजना का लाभ हर विवाहित महिला को मिलने की बातें भाजपा ने मोदी की गारंटी के रूप में कर समाचार पत्रों में प्रचार के साथ विधानसभा चुनाव के दरमियान पैंपलेट वितरित किये थे जो ज्ञापन के साथ संलग्न है वैसे भी सरकार इस योजना को लागू करने में विलंब करने के साथ-साथ इस योजना से राज्य की अधिकांश महिलाओं को बाहर करने के लिए सरकार ने सुनियोजित नियम शर्तें बनाए हैं जिससे हर विवाहित महिला को इसका लाभ नहीं मिलेगा जो नारी शक्ति के साथ अन्यकारक है। इसके लिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि इस योजना में पात्रता की आयु 21 वर्ष निर्धारित की गई है जबकि विवाह की आयु 18 वर्ष होती है और 18 से 21 वर्ष की नवविवाहित महिलाएं बड़ी संख्या में योजना के लाभ से वंचित हो रही हैं वहीं आयकर दाताओं के संबंध में राज्य सरकार ने कोई स्पष्ट दिशा निर्देश जारी नहीं किया है कि आयकर दाताओं ही इस योजना के अपात्र है या ऐसे पैन कार्ड धारी जिन्होंने आयकर विवरणी नील(शून्य) जमा की है और वे आयकर दाता के श्रेणी में नही आते वे पात्र है या अपात्र है इसके संबंध में राज्य सरकार के द्वारा कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है इसी प्रकार विधवा/परित्यागता/ निराश्रित महिलाएं हैं जिन्हें पेंशन प्राप्त होता है उन्हें भी इस योजना की संपूर्ण राशि नहीं प्रदान किया जाना सहानुभूति प्राप्त महिलाओं के हितों पर कुठाराघात है और तो और राज्य सरकार ने अब तक हितग्राहियों के लिए मोबाइल एप भी लॉन्च नहीं कर सकी है जिससे घर से ही महिलाएं योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। हितग्राही महिलाओं को आंगनबाड़ी कोड और सेक्टर की भी जानकारी हो यह संभव नहीं है क्योंकि महतारी वंदन योजना में आंगनबाड़ी कोड संख्या की भी जानकारी देनी है अतः आंगनबाड़ी कोड की संख्या सार्वजनिक किया जाना अति आवश्यक है, कुल मिलाकर राज्य सरकार की मंशा महतारियों के वंदन कि नहीं है सिर्फ योजना के नाम पर महतारियों को गुमराह करने और लाभ से वंचित करने का ताना-बाना ही है ऐसी स्थिति में मुख्यमंत्री इस योजना के सही क्रियान्वयन के लिए तत्काल हमारी मांगों को पूरी करने का कष्ट करें जिससे हर विवाहित महिला लाभान्वित हो।

# जिले में महतारी वंदन योजना अंतर्गत योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं ने दिखाई विशेष रुचि

**महिलाओं ने आज भरे 24373 फार्म, अब तक भरे गए 32736 आवेदन जमा किए गए**



**फार्म भरने के लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं में खासा उत्साह**

राजनांदगांव (दावा)। जिले में महतारी वंदन योजना अंतर्गत योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं ने विशेष रूचि दिखाई है। फार्म भरने के लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं में खासा उत्साह है। महिलाओं ने इस योजना का लाभ लेने के लिए आज 24 हजार 373 फार्म भरे हैं। अब तक कुल 32 हजार 736 आवेदन जमा किए गए हैं। इस योजना के प्रति महिलाओं ने अपनी खुशी जाहिर की है और उनके चेहरे पर खुशी झलक रही है। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में शासन की यह पहल अनोखी है। योजना की पूरी जानकारी लेने, दस्तावेज देने एवं फार्म भरने की पूरी प्रक्रिया के दौरान महिलाओं में उत्साह एवं प्रसन्नता रही। नगर निगम राजनांदगांव क्षेत्र अंतर्गत आने वाले नया ढाबा की महिलाओं ने महतारी वंदन योजनांतर्गत फार्म भरने के लिए उत्साह दिखाया। महिलाओं ने आवेदन लेने के साथ ही फार्म भरने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज के संबंध में भी जानकारी ली। बातचीत करने पर श्रीमती डामिन साहू ने बताया कि हम सभी महिलाएं बहुत खुश है कि हमारे खाते में प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि आएगी। वे इस योजना अंतर्गत प्राप्त राशि का उपयोग बच्चों के पढ़ाई-लिखाई एवं अपने स्वास्थ्य के लिए करेंगी। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को इस योजना के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। श्रीमती हेमलाल सिन्हा ने बताया कि महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि का उपयोग घरेलू कार्यों, बच्चों की पढ़ाई लिखाई और अपने परिवारिक कार्यों में खर्च करेंगी। श्रीमती संगीता वर्मा ने कहा कि वे इस राशि का भविष्य के लिए बचत करेंगी। श्रीमती नेमिन बाई साहू ने कहा कि महतारी वंदन योजनांतर्गत प्राप्त राशि का उपयोग वह अपनी छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने के लिए करेंगी। श्रीमती गिरिजा साहू, श्रीमती यशोदा वर्मा ने भी खुशी जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को महतारी वंदन योजना के लिए धन्यवाद दिया।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में आर्थिक स्वावलंबन, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार, परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका सुदृढ़ करने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना की शुरूआत की गई है। योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि डीबीटी के माध्यम से प्रदान की जाएगी। योजनांतर्गत आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2024 हैं और पात्र महिला हितग्राही को राशि का अंतरण 8 मार्च 2024 को किया जाएगा।

## हाईवा ने बाइक सवार दो युवक की मौत

बालोद (दावा)। गुरुर थाना क्षेत्र के ग्राम करकाभाट के पास तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार दो लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतकों में एक नर्रा तो दूसरा जमरुवा गांव के रहने वाले थे और पेशे से ड्राइवर थे। दोनों ट्रक खड़ा करके अपने घर लौट रहे थे कि इसी बीच हादसा हो गया। जानकारी के मुताबिक दोनों शख्स बाइक से धमतरी से बालोद की ओर आ रहे थे. जहां बालोद से धमतरी जा रही हाईवा ने दोनों को ठोकर मार दी.

# परीक्षा की तैयारी शुरू.... ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध जरूरी

**फरवरी-मार्च में स्थानीय परीक्षा, सीबीएसई, सीजी बोर्ड की परीक्षा प्रारंभ तैयारी में जुटेंगे विद्यार्थी**

राजनांदगांव (दावा)। चालू माह फरवरी से ही परिक्षाओं का दौर शुरू होने वाला है। जो अप्रैल मार्च तक चलेगी। वर्तमान में प्री-बोर्ड की परीक्षा अंतिम चरण में है। प्री-बोर्ड की परीक्षा के साथ-साथ वार्षिक परीक्षा की तैयारिया शुरू कर दी गई है। स्कूलों में परीक्षा का माहौल बनना शुरू हो गया है। विद्यार्थी भी अब पूरा ध्यान अपनी परीक्षा की तैयारी में लगाना शुरू कर दिए है ऐसे में शहर में आए दिन विभिन्न आयोजनों के चलते भाय-भांय बज रहे लाउड स्पीकर व डीजे साउड सिस्टम की तेज कनफोड़ू आवाज से बच्चों की पढ़ाई में व्यवधान पड़ रहा है। परीक्षा की तैयारी में जुटे बच्चों के लिए उक्त आवाजे ध्यान भंग करने वाला साबित हो रहा है। ऐसे में प्रशासन को चाहिए कि परीक्षा की तैयारी के इन दो माह में ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध लगाए ताकि अपनी पढ़ाई-लिखाई के लिए साल भर मेहनत करने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी के लिए अनुकुल माहौल मिल सके। शहर के स्कूल के शिक्षकगणों व प्राचार्यों ने भी विद्यार्थियों के परीक्षा की तैयारी के बीच ध्वनि विस्तारक यंत्रों में प्रतिबंध लगाए जाने की आवश्यकता जताई है।

### वार्षिक परीक्षा की तैयारी

बता दे कि सप्ताह भर बाद सी.बी.एस.सी. की परीक्षाए शुरू हो रही है। उसके साथ ही सी.जी. बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी भी चल रही है। एक मार्च से सीजी बोर्ड की परीक्षा शुरू होगी। फिलहाल प्री.बोर्ड की परीक्षा चल रही है। सप्ताह भर पहले प्रेक्टिकल परीक्षा सम्पन्न हुई। अब बच्चों ने वार्षिक परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी है। इसी तरह कई जगह स्थानीय परीक्षा 20 फरवरी से शुरू हो सकती है। वार्षिक परीक्षा की तैयारी के चलते राजनांदगांव के साथ-साथ खैरागढ़, छुईखदान, गंडई जिले व मानपुर-मोहला-अंबागढ़ चौकी जिले के सभी केन्द्रों में सुविधाए बढ़ाई जा रही। बताया जा रहा है कि आगामी दिनों लोकसभा चुनाव को देखते हुए इस वर्ष मार्च के महिने में बोर्ड की परीक्षाएं सम्पन्न कराई जानी है।

स्टेट स्कूल के प्राचार्य एन.एस पट्टा ने बताया कि 10वीं तथा 12 वीं बोर्ड की परीक्षाएं एक मार्च से 23 मार्च के बीच सम्पन्न होगी। उनके यहां हाईस्कूल के छात्र 750 है वही छठवीं से आठवी तक के छात्रों की संख्या 425 बताई गई। फिलहाल 9वीं व 11वीं के छात्रों का आतंरिक मूल्यांकन कार्य जारी है। वही 10वीं एवं 12वीं परीक्षा की तैयारी की जा रही है। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू हो रही है। जिसकी तैयारियां भी स्कूलों में कराई जा रही है। बताया जा रहा है कि इस वर्ष भी अलग-अलग स्कूलों को सेन्टर बनाया जाएगा। एक मार्च से 23 मार्च के बीच सम्पन्न होने वाली परीक्षा में 10वीं बोर्ड में 22096 तथा 12वीं बोर्ड में 17090 विद्यार्थी शामिल होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश सिंह की माने तो कुल 167 परीक्षा केन्द्रों की व्यवस्था करा दी गई है। राजनांदगांव जिले में 87 केन्द्र बनाए जा रहे है। एक मार्च से बोर्ड की परीक्षा शुरू होनी है। इसे लेकर सभी केन्द्रों में फर्नीचर, विद्युत व्यवस्था तथा पानी का इंतेंजामात कराए जा रहे है। सात फरवरी तक प्री-बोर्ड की परीक्षा पूरी कर ली जाएगी। प्री-बोर्ड की परीक्षा के साथ-साथ स्कूलों में पाठयक्रम को भी पूर्ण कराने के लिए अतिरिक्त कक्षाएं ली जा रही है।

# नवपदस्थ पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा ने किया पदभार ग्रहण

**० पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया**



राजनांदगांव (दावा)। गृह पुलिस विभाग के आदेश 4 फरवरी के अनुसार राजनांदगांव रेंज के द्वितीय पुलिस महानिरीक्षक के रूप में दीपक कुमार झा (भा.पु.से.) को नियुक्त किया गया है। दीपक कुमार झा (भा.पु.से.) 2007 बैच के आई.पी.एस. अधिकारी हैं जो वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं उपपुलिस महानिरीक्षक के पद पर जिला बलौदाबाजार पदस्थ थे स्थानांतरण पर राजनांदगांव रेंज आकर अपना पदभार ग्रहण किया। पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज के आगमन पर उन्हें सलामी दी गई एवं पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया गया।

जिसके पश्चात् पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव एवं एसआईबी कार्यालय का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, अति.पु.अ. (आईयूसीएडब्ल्यू) श्रीमती सोनिया उके, नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल, डी.एस.पी. यातायात हेमप्रकाश नायक एवं शहर के थाना प्रभारीगण उपस्थित थे।

# जिला अधिवक्ता संघ का कैरम खेल प्रतियोगिता प्रारंभ

**वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज चौधरी ने गज्जू सेन को हराया**



राजनांदगांव (दावा)। जिला अधिवक्ता संघ के तत्वावधान में 5 फरवरी सोमवार से खेल प्रतियोगिता आयोजन का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार उपाध्याय के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। इस दौरान सभी न्यायधीशों सहित अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह, एवं वरिष्ठ अधिवक्ता गणों के अलावा अधिवक्ता संघ के सदस्यों की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। इस खेल प्रतियोगिता के प्रथम दिवस में कैरम एवं शतरंज के कुछ मुकाबले हुए। जिसमें काफी कुछ बहुत बड़े उलट फेर भी देखने में आया। अधिवक्ता जितेंद्र वैष्णव को कड़े मुकाबले में अशोक रजक ने मात दी, वहीं वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज चौधरी ने गज्जू सेन को कैरम के चक्रों में हराया। इसी तरह अधिवक्ता आदित्य श्रीवास्तव ने एक तरफा मुकाबले में विजय तिवारी को पटखनी दी वहीं मोहम्मद हसन ने सुधांशु जोशी को हराकर अगले चरण में प्रवेश किया, बताया गया कि कैरम प्रतियोगिता में राधेश्याम बंजारे ने लीलाधर साहू को मात दी और नारायण शेंडे ने एच एल पटवा को हराकर अगले चरण में प्रवेश किया। संजीव श्रीवास्तव को त्रिदेव साहू ने हराया।

शतरंज के एक मुकाबले में राजेश चंद्र शर्मा ने राजेंद्र देवांगन को हराकर अगले चरण में प्रवेश किया। बताया गया कि आज 6 फरवरी मंगलवार को भी शेष मुकाबले खेले जाएंगे। खेल प्रतियोगिता 5 फरवरी 11 फरवरी तक चलेगी। इस प्रतियोगिता में महिला अधिवक्ता गण भी अपने खेल का जौहर दिखलाएंगी। उक्ताशय की जानकारी संघ के सांस्कृतिक सचिव व क्रीडा सचिव मुकेश बागड़े द्वारा दी गई।

# सुरगी में कचरा गोदाम के पास अवैध शराब बिक्री करते आरोपी गिरफ्तार



**26 पौवा देशी प्लेन शराब जप्त**

राजनांदगांव (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अभियान अवैध शराब बिक्री करने वालों के ऊपर कार्यवाही हेतु आज दिनांक 06 फरवरी को चौकी प्रभारी निरीक्षक पुरुषोत्तम ध्रुव के नेतृत्व में चौकी सुरगी पुलिस के द्वारा चौकी सुरगी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुरगी में कचरा गोदाम के पास लोकेश पान ठेला के पीछे एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में मात्रा से अधिक शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री करने की मुखबीर सूचना पर आरोपी अजय ढीमर उर्फ जुग्गा ढीमर पिता शंकर ढीमर उम्र 23 वर्ष निवासी लखोली, स्कूल के पास देवारपारा वार्ड नंबर 32 राज. थाना कोतवाली हाल पता ग्राम सुरगी जिला राजनांदगांव को घेराबंदी कर अवैध रूप से मात्रा से अधिक शराब रखे हुए रंगे हाथ पकड़ा गया, आरोपी के कब्जे से एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में रखे 26 पौवा देशी प्लेन शराब कुल मात्रा 4.680 बल्क लीटर कीमत 2600 एवं बिक्री रकम 500 जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध पुलिस चौकी सुरगी में धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक विजय साहू एवं आरक्षक हिरम सिंह चंद्रवंशी की भूमिका सराहनीय रहा।

# लोकसभा चुनाव अभियान को लेकर भाजपा के विभिन्न समिति के प्रभारियों की घोषणा

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के लोकसभा चुनाव अभियान पूरे शबाब पर है, गाँव चलो अभियान के तहत पार्टी के कार्यकर्ता ग्रामों व शहरी क्षेत्र के वार्डो में रात-दिन बिता रहे है वही अभियान को और पुख्ता बनाने के लिये पार्टी के जिला अध्यक्ष रमेश पटेल ने विभिन्न अभियान समितियों के प्रभारियों की घोषणा की है। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पार्टी के नव सदस्यता अभियान समिति के वरिष्ठ भाजपा नेता सचिन सिंह बघेल जिला संयोजक तथा सावन वर्मा व हरीश गांधी सहसंयोजक बनाये गये है, इसी प्रकार प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लिये राजेन्द्र जैन बंटू व देवशरण सेन को जिम्मेदारी दी गई है। बूथ सशक्तिकरण अभियान के लिये जिला भाजपा के महामंत्री राजेन्द्र गोलछा व वीरेन्द्र जैन का नाम तय किया गया है, इसी तरह गाँव चलों अभियान समिति में रविन्द्र वैष्णव, सावन वर्मा व दिनेश साहू को मनोनीत किया गया है। महिला स्व-सहायता समूह और गैर सरकारी संस्था की संपर्क अभियान की कमान सुश्री आभा तिवारी व श्रीमती किरण साहू को दी गई है, इसी तरह डिजिटल दीवार लेखन के लिये भी जिला स्तरीय टीम बनाई गई है, जिसमें लीलाधर साहू को जिला संयोजक व आलोक बिंदल को जिला सह-संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी अध्यक्ष रमेश पटेल ने सभी समितियों के प्रभारियों से आह्वान किया है कि प्रण-प्राण से अपने-अपने कार्यो को अंजाम दे।

# माँ पाताल भैरवी समिति द्वारा मरीजों के लिए कपड़ों का किया दान



राजनांदगांव (दावा)। माँ पाताल भैरवी मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश मारू और संस्था से जड़े पत्रकार कमलेश सिमनकर लगातार दिन-दुखियों के मदद में आगे रहते हुए फिर एक बार मेडिकल कॉलेज सह हॉस्पिटल में अज्ञात महिला मरीजों के लिए गाउन और अज्ञात पुरुष मरीजों के लिए बलमुडा और टीशर्ट भेंट किया। इस पुनीत कार्य में इस बार निगम में कार्यरत अशोक चौबे का भी योगदान रहा। राजेश मारू और कमलेश सिमनकर वनांचल क्षेत्रों में जहां लगातार अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वहीं शहरी क्षेत्रों में भी इस प्रकार के कार्यो को निरन्तर जारी रखे हुए है। ग्रामीण क्षेत्रों से शासकीय अस्पतालों और निजी अस्पतालों में पहुंच रहे मरीजों के ईलाज पर अपने पैनी नजर बनाए रखते है, ताकि कोई मरीज इलाज के अभाव में ना भटके और और ना ही निजी अस्पतालों में आर्थिक रूप से छल का शिकार हो। निजी अस्पतालों में जिस प्रकार आयुष्मान कार्ड के रखते हुए भी नगद राशि ली जाती हैं, पीड़ित व्यक्ति से मिलकर उन्हें पैसा वापस करवाया जा रहा है। शासकीय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में ऐसे गरीब तबके के मरीज जो शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से इलाज के लिए पहुंचते है, उन्हें हॉस्पिटल के डॉक्टरों से आपसी सामंजस बनाकर उन्हें निःशुल्क बेहतर इलाज मुहैया करवाते है।

## अनमोल दावा

> दुनिया आपको तब
> तक नहीं हरा सकती
> जब तक आप खुद
> से ना हार जाओ

## इंडिया एलायन्स में सब गड़बड़!

'इंडिया' एलायंस के घटक दलों ने इतना भी अनुशासन नहीं रखा कि वे दूसरे दलों पर नकारात्मक बयानबाजी न करें। जिसका ग़लत संदेश गया। हिसाब से इस एलायंस के बनते ही सीटों के बंटवारे का काम हो जाना चाहिए था जिससे उम्मीदवारों को अपने-अपने क्षेत्र में जनसंपर्क करने के लिए काफी समय मिल जाता। पर शायद इन दलों के नेता ईडी, सीबीआई और आयकर की धमकियों से डरकर पूरी हिम्मत से एकजुट नहीं हो रहे है, नहीं हो पा रहे है।

देश के मौजूदा राजनैतिक माहौल में लोगों के दो ख़ेमे हैं। एक तरफ वे करोड़ों लोग हैं जो दिलो जान से नरेंद्र मोदी को चाहते हैं और ये मानकर बैठे हैं कि 'अब की बार चार सौ पार।' इनके इस विश्वास का आधार है मोदी की आक्रामक कार्यशैली, श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा, उनका बेहिचक हिंदुत्व का समर्थन करना तथा काशी, उज्जैन, केदारनाथ, अयोध्या, मिर्ज़ापुर और अब मथुरा आदि तीर्थ स्थलों पर भव्य कॉरिडोरों का निर्माण। इनके

अलावा अप्रवासी भारतीयों का भारतीय दूतावासों में मिल रहा स्वागतपूर्ण रवैया, निर्धन वर्ग के करोड़ों लोगों को उनके बैंक खातों में सीधा पैसा ट्रान्सफर और 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन का बाँटना व भविष्य में आर्थिक विकास के बड़े-बड़े दावे।

जबकि दूसरे ख़ेमे के नेताओं और उनके करोड़ों चाहने वालों का मानना है कि देश के युवाओं में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि दो करोड़ रोजगार हर वर्ष देने का वायदा करके भाजपा की मोदी सरकार देश के नौजवानों को सेना, पुलिस, रेल, शिक्षा व अन्य सरकारी विभागों में नौकरी देने में नाकाम रही है। आज भारत में बेरोज़गारी की दर पिछले 40 वर्षों में सबसे ज्यादा है। जबकि मोदी जी के वायदे के अनुसार इन दस वर्षों में 20 करोड़ लोगों को नौकरी मिल जाती तो किसी को भी मुफ्त राशन बाँटने की नौबत ही नहीं आती। क्योंकि रोजगार पाने वाला हर एक युवा अपने परिवार के पांच सदस्यों के पालन पोषण की जिम्मेदारी उठा लेता। यानी देश के 100 करोड़ लोग गरीबी की सीमा रेखा से ऊपर उठ जाते। इसलिए इस खेमे के लोगों का मानना है कि इन करोड़ों युवाओं का आक्रोश भाजपा को तीसरी बार केंद्र में सरकार नहीं बनाने देगा।

विपक्ष के इस खेमे के अन्य आरोप हैं कि भाजपा सरकार महंगाई को काबू नही कर पाई। उसका शिक्षा और स्वास्थ्य बजट लगातार गिरता रहा है। जिसके चलते आज गरीब आदमी के लिए मुफ्त या सस्ता इलाज और सस्ती शिक्षा प्राप्त करना असंभव हो गया है।

इसी खेमे का यह भी दावा है कि मोदी सरकार ने पिछले 10 सालों में विदेशी कर्ज की मात्रा 2014 के बाद कई गुना बढ़ा दी है। इसलिए बजट में से भारी रकम केवल ब्याज देने में खर्च हो जाती है और विकास योजनाओं के लिए मुट्ठी भर धन ही बचता है। इसका खामियाजा देश की जनता को रोज बढती महंगाई और भारी टैक्स देकर झेलना पड़ता है। इसलिए सेवा निवृत्त लोग, मध्यम वर्ग और व्यापारी बहुत परेशान है।

इसके अलावा विपक्षी दलों के नेता मोदी सरकार पर केन्द्रीय जाँच एजेंसियों व चुनाव आयोग के लगातार दुरूपयोग का आरोप भी लगा रहे हैं। इसी विचारधारा के कुछ वकील और सामाजिक कार्यकर्ता ईवीएम के दुरूपयोग का आरोप लगाकर आन्दोलन चला रहे हैं। दूसरी तरफ इतने लम्बे चले किसान आन्दोलन की समाप्ति पर जो आश्वासन दिए गये थे वो आज तक पूरे नहीं हुए। इसलिए इस खेमे का मानना है कि देश का किसान अपनी फ़सल के वाजिब दाम न मिलने के कारण मोदी सरकार से ख़फ़ा है। इसलिए इनका विश्वास है कि किसान भाजपा को तीसरी बार केंद्र में सत्ता नहीं लेने देगा।

अगर विपक्ष के दल और उनके नेता पिछले साल भर में उपरोक्त सभी सवालों को दमदारी से जनता के बीच जाकर उठाते तो वास्तव में नरेंद्र मोदी के सामने 2024 का चुनाव जीतना भारी पड़ जाता। इसी उम्मीद में पिछले वर्ष सभी प्रमुख दलों ने मिलकर 'इंडिया' एलायंस बनाया था। पर उसके बाद न तो इस एलायंस के सदस्य दलों ने एक साथ बैठकर देश के विकास के मॉडल पर कोई दृष्टि साफ़ की, न कोई साझा एजेंडा तैयार किया, जिसमें ये बताया जाता कि ये दल अगर सत्ता में आ गये तो बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार से कैसे निपटेंगे। न अपना कोई एक नेता चुना।

हालाँकि लोकतंत्र में इस तरह के संयुक्त मोर्चे को चुनाव से पहले अपना प्रधानमंत्री उम्मीदवार तय करने की बाध्यता नहीं होती। चुनाव परिणाम आने के बाद ही प्रायः सबसे ज्यादा सांसद लाने वाले दल का नेता प्रधानमंत्री चुन लिया जाता है। पर भाजपा इस मुद्दे पर अपने मतदाताओं को यह समझाने में सफल रही है कि विपक्ष के पास मोदी जी जैसा कोई सशक्त नेता प्रधानमंत्री बनने के लायक़ नहीं है। ये भी बार-बार कहा जाता है कि 'इंडिया' एलायंस के घटक दलों का हर नेता प्रधानमंत्री बनने के सपने देख रहा है।

# भ्रष्टाचार मिटाने की आड़ में विपक्ष मिटाया जा रहा

*सिर पर 2024 का आम चुनाव! एक तरफ राममय माहौल...दूसरी तरफ विपक्ष कमजोर...यानि सत्ताधीशों के मजे ही मजे! लेकिन भ्रष्टाचार मिटाने की आड़ में विपक्ष को मिटाने क्यों चल पड़े हैं 'दिल्लीश्वर'... ? झारखंड में ईडी का शिकार हुए हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के तुरंत बाद 'सत्ता की सीता हरण' की कोशिश क्यों की गई ? क्यों नए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को 2 दिनों तक लटकाया-झुकाया गया ? आखिर कब तक बने रहेंगे चंपई ? या 'चंपत' करा दिए जाएंगे ?*

रांची-दिल्ली। बिहार में नीतीश बाबू ने इंडिया गठबंधन का कांड कर दिया.....तो उसी विपक्षी गठबंधन का कांड करने दिल्लीश्वरों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुप्रीमो और राज्य के मुख्यमंत्री रहे हेमंत सोरेन को ईडी के हाथों नहीं निपटवा दिया...! फिर हेमंत के स्थान पर चंपई सोरेन को बिठाने में भी दो दिन लगा दिए गए। अब चर्चा है की चंपई सोरेन का भी कांड किया जाने वाला है। यानी झारखंड को झारकांड- बनाया जा रहा है।

सब जानते हैं कि झारखंड विधानसभा चुनावों में हेमंत सोरेन (झामुमो) ने अपने दम पर बीजेपी को हराया था। तबसे, सरकार में आने के बाद भी हेमंत सरिन झुक नहीं रहे थे। नीतीश कुमार नहीं हो रहे थे। नतीजा.... आज वे जेल के पीछे हैं। यानी, भ्रष्टाचार मिटाने की दलील के सहारे विपक्ष को मिटाया जा रहा है। जनता का बड़ा हिस्सा धर्म के नशे में है। वह धर्म के नाम पर लोकतंत्र के मैदान में हो रहे इस खेल को देखना नहीं चाहती। अदालतों से भी उम्मीद कमजोर होती जा रही है, जनता की अदालत से जनता ही चली गई है।

कलियुग में त्रेता की बात हो... रामराज्य का जिक्र हो और सीता का हरण न हो, ये कैसे सम्भव है? कलियुग में सीता भूमि-पुत्री नहीं है। कलियुग की सीता जनादेश से जन्मी है, लेकिन उसके हरण की कोशिशों में कोई कमी नहीं है। झारखंड से पहले अनेक राज्यों में सत्ता की सीता का हरण सबने देखा है, लेकिन सबसे दिलचस्प कहानी झारखंड की है। क्योंकि यहां सत्ता की सीता आदिवासी है और उसका अपहरण करने में भाजपा को पसीना

### सत्ता की सीता के हरण की कोशिश झार 'कांड' हेमंत सोरेन गए..... चंपई सोरेन कब तक ?

आ रहा है। तभी तो झारखण्ड में दो दिन तक कोई सरकार नहीं थी। यह कीर्तिमान, गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज होना चाहिए।

सब जानते हैं कि भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद देश के अनेक राज्यों में सत्ता की सीता का वरण न कर पाने के बाद उसका अपहरण करने के लिए आपरेशन लोटस चलाया था। कभी कर्नाटक में, तो कभी मध्य प्रदेश में। कभी महाराष्ट्र में, तो कभी बिहार में। आपरेशन लोटस के तहत भाजपा को कहीं विभीषण मिले, तो कहीं पलटूराम....लेकिन झारखण्ड में अभी तक भाजपा के हाथ कोई नहीं लगा है। झामुमो गठबंधन की गांठें फिलवक्त ढीली नहीं हुई है।

हालांकि सत्तारुढ़ परिवार की एक विधायक श्रीमती सीता सोरेन बिदकी हुई हैं और भाजपा की नजर उन्हीं पर है। दुर्भाग्य ये है कि सीता सोरेन का अपहरण करने के बाद भी भाजपा गठबंधन सत्ता की सीता का वरन करने की स्थिति में नहीं है। मिशन 400 को हासिल करने के लिए भाजपा की मजबूरी है कि जिन राज्यों में उसकी सत्ता नहीं है, वहां या तो वो सत्ता हासिल करे या वहां सत्तारुढ़ विरोधी सरकारों को अस्थिर कर वहां लोकसभा चुनावों के साथ विधानसभा चुनावों की स्थितियां पैदा करे। झारखंड में भी यही कुचक्र चलाने की कोशिश की गई।

भाजपा पिछले एक दशक में दो आम चुनाव जीत चुकी है, लेकिन राज्यों के विधानसभा चुनावों में उसे लगातार मुंह की खाना पड़ी है। जिस कांग्रेस को भाजपा देश से खदेड़ देना चाहती है, वो ही कांग्रेस पांच साल पहले भाजपा से अनेक राज्य छीन चुकी है। हालाँकि बाद में परिदृश्य बदला। इस समय भी भाजपा के लिए गैर भाजपा दलों और गठबंधनों की सरकारें परेशानी का सबब बनीं हुई हैं। सता की सीता का हरण करने के लिए भाजपा ने हर तरह की लोक-लाज का परित्याग कर दिया है। वह नैतिकता- अनैतिकता को भूल गयी है। संविधान उसके लिए कोई मायने नहीं रखता। जो भी राजनीतिक दल भाजपा के विजय अभियान में आड़े आया, उसे नेस्तनाबूद करने के लिए भाजपा ने विभीषणों, पलटूरामों और जब कोई नहीं मिला तो ईडी यानि प्रवर्तन निदेशालय का भरपूर इस्तेमाल किया। लेकिन पिछले एक दशक में न देश, कांग्रेसविहीन हुआ और न उसके विरोधी क्षेत्रीय दल मिटे।

कड़वा सच यही है कि भाजपा के दीये तले ही अन्धेरा है। उसके पास न दिल्ली है और न पंजाब। न बंगाल है और न केरल। न तेलंगाना है और न हिमाचल। न उड़ीसा है, न तमिलनाडु। लेकिन सीता से पहले भाजपा ने राम का अपहरण करने में कामयाबी हासिल कर ली है। अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण- प्रतिष्ठा का प्रसंग इसी का ज्वलंत उदाहरण है।

कलियुग की सियासी रामायण में झारखण्ड भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनकर सामने आया है। भाजपा को जितना कस-बल और धनबल, बिहार में नहीं लगाना पड़ा....उससे कहीं ज्यादा झारखण्ड में लगाना पड़ रहा है। झामुमो गठबंधन के अधिकांश विधायक अभी तक बिके नहीं हैं। हालाँकि खरीदार भाजपा ने अभी हार नहीं मानी है। झारखण्ड के राज्यपाल भाजपा की कठपुतली होकर भी भाजपा की मदद नहीं कर पाए, तो काफी ना-नुकर के बाद बनाई गई चंपक सरकार को ही गिराने की साजिश रची जा रही है। ऐसे में लगता है कि खिसियाई बिल्ली की तरह भाजपा झारखंड में कोई बड़ा कांड या बड़ा खेला कर सकती है। हालाँकि इसके लिए उसे अभी बहुत से पापड़ बेलने पड़ेंगे और वो ऐसा कर रही है। अब देखना है कि 5 फरवरी को झारखंड में हो रहे फ्लोर टेस्ट में भाजपा क्या गुल खिलाती है!

दरअसल, देश की रामभक्त जनता के लिए झारखंड का कांड आँखें खोल देने वाला होना चाहिए। जनता को समझना चाहिए कि भाजपा राम के नाम की आड़ में किस तरह लगातार सत्ता की सीता का अपहरण करती आयी है। अगर जनता ने इस खेल को नहीं रोका, ती सत्ता की सीता हमेशा के लिए बंधक हो सकती है और उसे कोई भी राम मुक्त नहीं करा पाएंगे, क्योंकि वे तो पहले से मंदिर में कैद है।

**-विदर्भ चंडिका से साभार**

# संविधान का मजाक

**हरिशंकर व्यास**

झारखंड में आखिरकार नई सरकार बनी। चम्पई सोरेन की शपथ हुई। लेकिन उससे पहले झारखंड में चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने, मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने और सरकार बनने से रोकने का जो ड्रामा 29 जनवरी से शुरू हुआ वह संविधान और कानून के राज दोनों का मजाक बनाने वाला था। यह मजाक एक फरवरी को 11 बजे रात तक चलता रहा। मुख्यमंत्री पद से हेमंत सोरेन के इस्तीफा देने और चम्पई सोरेन के नेता चुने जाने और राज्यपाल के सामने सरकार बनाने का दावा पेश करने के करीब 28 घंटे बाद राज्यपाल ने चम्पई सोरेन को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया।

सोचें, करीब 28 घंटे तक प्रदेश बिना किसी शासन के था! नक्सल प्रभावित राज्य झारखंड में मुख्यमंत्री नहीं था। उनका इस्तीफा हो चुका था। उसे स्वीकार करते हुए राज्यपाल ने उनको कार्यवाहक मुख्यमंत्री के तौर पर काम करने को नहीं कहा था क्योंकि उनकोकेंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय को गिरफ्तार करना था। सो, हेमंत का इस्तीफा स्वीकार हुआ और ईडी ने उनको हिरासत में लिया। सीएम के इस्तीफे के साथ ही मंत्रिमंडल बर्खास्त हो गया। यानी 31 जनवरी को रात आठ बजे से झारखंड में कोई सरकार नहीं बची और राष्ट्रपति शासन भी नहीं लगा। बिना मुख्यमंत्री, बिना मंत्रिमंडल और बिना राष्ट्रपति शासन के किसी राज्य के 24 घंटे से ज्यादा समय तक रहने का यह संभवतः पहला मामला था। झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद की ओर से 43 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपने के बाद भी राज्यपाल ने सरकार बनाने का न्योता देने में 24 घंटे से ज्यादा का समय लिया।

सवाल है कि राज्यपाल विधानसभा में बहुमत के नेता को सरकार बनाने के लिए न्योता देने से कैसे रूके रह सकते हैं? अगर दूसरी पार्टी की ओर से भी सरकार बनाने का दावा किया जाता और दो दल बहुमत होने का दावा करते तब राज्यपाल के मन में संशय होता है और फिर वे अपने विवेक से फैसला करते कि किस पार्टी को बुलाएं। अगर विधानसभा की सबसे बड़ी पार्टी की बजाय छोटी पार्टी बहुमत का दावा करती तब भी राज्यपाल उसको सरकार बनाने के लिए



बुलाने से पहले विचार विमर्श करते। लेकिन झारखंड में ऐसा कुछ भी नहीं था। विधानसभा की सबसे बड़ी पार्टी जेएमएम है, जिसके पास 47 विधायकों का समर्थन था। उसके मुख्यमंत्री को ईडी ने गिरफ्तार किया तो पार्टी ने नए नेता का चुनाव किया, जिसने सरकार बनाने का दावा पेश किया। विधानसभा की दूसरी बड़ी पार्टी भाजपा है लेकिन उसने सरकार बनाने का दावा नहीं पेश किया। फिर भी राज्यपाल ने 24 घंटे से ज्यादा समय लिया और वह भी तब जब राज्य में कोई सरकार नहीं थी।

संविधान और सुप्रीम कोर्ट के फैसले से इस मामले में स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट है। राज्यपाल को यह जरूर देखना है कि जो दल बहुमत का दावा कर रहा है सचमुच उसके पास बहुमत है या नहीं लेकिन बहुमत का फैसला विधानसभा के फ्लोर पर ही होगा। एसआर बोम्मई केस में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने यह फैसला दिया है और दशकों से यह फैसला प्रैक्टिस में है। झारखंड में कोई कारण नहीं दिख रहा था कि जेएमएम को सरकार बनाने से रोका जाए। एक तरफ राज्यपाल ने दावा पेश करने के बाद चम्पई सोरेन को सरकार बनाने का आमंत्रण देने में देरी की तो दूसरी ओर भाजपा के नेताओं ने प्रचार शुरू कर दिया कि हेमंत सोरेन के घर में एकता नहीं है और भाई व भाभी विरोध कर रहे हैं। यह भी कहा गया कि 18 विधायकों को चम्पई सोरेन के नाम पर आपत्ति है।

जबकि दूसरी ओर जेएमएम, कांग्रेस और राजद ने वीडियो बना कर 43 विधायकों की गिनती कराई। लेकिन राज्यपाल की देरी और भाजपा के प्रचार की वजह से स्थिति ऐसी बन गई कि सत्तारूढ़ गठबंधन को तोड़-फोड़ का डर सताने लगा और इसी डर से विधायकों को हैदराबाद ले जाने की योजना बनी। राज्यपाल की देरी की वजह से पूरी व्यवस्था मजाक बन गई।

उससे पहले 29 जनवरी को ईडी ने जो किया वह भी कम हैरान करने वाला नहीं था। ईडी ने हेमंत सोरेन से 20 जनवरी को पूछताछ की थी और फिर नोटिस देकर कहा था कि 29 से 31 जनवरी के बीच वे पूछताछ का समय दें। लेकिन 29 जनवरी को ईडी उनको खोजते हुए दिल्ली के उनके आवास पर पहुंच गई। जब वे वहां नहीं मिले तो यह प्रचार किया गया कि सीएम लापता हो गए, जबकि सीएम की ओर से ईमेल के जरिए उसी दिन ईडी को बताया गया कि वे 31 जनवरी को एक बजे से पूछताछ के लिए उपलब्ध हैं। तब भी बिना किसी वारंट के ईडी ने उनके दिल्ली के घर पर छापेमारी की, गाड़ी जब्त की और 24 घंटे बाद बताया कि गाड़ी में से 36 लाख रुपए मिले हैं। इस तरह 31 जनवरी की पूछताछ से पहले ही ईडी ने अपनी मंशा जाहिर कर दी कि उसे हेमंत सोरेन को गिरफ्तार करना है। क्या इससे यह नहीं लग रहा है कि राजनीतिक कारणों से हेमंत को दिल्ली में गिरफ्तार करने का प्रयास हुआ ताकि वे पार्टी के विधायकों की बैठक न कर सकें और नेता नहीं चुनवा सकें और उसके बाद जो अफरा-तफरी मचे उसका फायदा भाजपा को मिले?

असल में झारखंड में भाजपा को 14 में से 12 लोकसभा सीटें मिली हैं लेकिन उसको लग रहा है कि जेएमएम, कांग्रेस और राजद का मजबूत गठबंधन उसे नुकसान पहुंचा सकता है। उसकी सीटें कम हो सकती हैं। इसलिए गठबंधन को कमजोर करने का प्रयास काफी समय से है। राज्य में सरकार को अस्थिर करने के कई प्रयास हुए लेकिन किसी राजनीतिक प्रयास में कामयाबी नहीं मिली तो अंततः केंद्रीय एजेंसी के जरिए हेमंत सोरेन को हटाया गया और राज्यपाल कार्यालय का इस्तेमाल कर राज्य में संवैधानिक संकट खड़ा किया गया।

सोचें, एक तरफ बिहार में नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया और भाजपा के समर्थन से सरकार बनाने का दावा पेश किया तो उनको आधे घंटे में सरकार बनाने के लिए बुला लिया गया, जबकि वहां सरकार के पास बहुमत से सिर्फ छह विधायक ज्यादा है तो विपक्ष के पास इतने ही विधायक कम हैं। फिर भी वहां राज्यपाल ने पलक झपकते ही शपथ करा दी लेकिन झारखंड में जहां विपक्ष यानी भाजपा के पास दूर दूर तक बहुमत नहीं है वहां बहुमत वाले गठबंधन को न्योता देने में 24 घंटे से ज्यादा का समय लगा।

## अपनी कहानी दोहरानी है!

ये बुनियादी सवाल दब-से गए हैं कि अगर तस्वीर इतनी खुशहाल है, तो साल 2019 में सरकार ने उपभोग व्यय संबंधी सर्वेक्षण रिपोर्ट को क्यों जारी करने से इनकार कर दिया था? सरकार की जनगणना कराने में क्यों रुचि नहीं है?

नरेंद्र मोदी सरकार को इस बात का पूरा यकीन है कि वो जो कहानी सुनाएगी, उनके समर्थक मतदाता बस उतना ही सुनेंगे। उसका यह यकीन निराधार भी नहीं है। चूंकि मेनस्ट्रीम मीडिया के अधिकांश हिस्से ने अपने स्वतः रुझान या बनाई गई परिस्थितियों के कारण खुद को सत्ताधारी दल के प्रचार तंत्र में तब्दील कर दिया है, इसलिए किसी वैकल्पिक कथानक का आम जन तक पहुंचना सचमुच बहुत कठिन हो गया है। ऐसे में लोग सरकारी दावों पर सहज यकीन करें, तो उसमें कोई हैरत की बात नहीं है। मसलन, इन दावों पर कि देश में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से निकाला गया है और भारत में चारों तरफ खुशहाली का आलम है। इस शोर के बीच ये बुनियादी सवाल दब-से गए हैं कि अगर ऐसा है, तो साल 2019 में सरकार ने उपभोग व्यय संबंधी सर्वेक्षण रिपोर्ट को क्यों जारी करने से इनकार कर दिया था? सरकार की जनगणना कराने में क्यों रुचि नहीं है? दशकीय जनगणना 2021 में ही तय थी। तब कोरोना महामारी के कारण उसे टाला गया, हालांकि उस दौर में भी चुनाव जैसे सघन जन-संपर्क के कार्य आयोजित हुए।

तब के बाद आम जिंदगी सामान्य हो चुकी है, लेकिन जनगणना कहीं सरकार के एजेंडे में नहीं है। अगर जनगणना होती, तो उससे आधिकारिक आंकड़े प्राप्त होते और यह मालूम होता कि जमीनी स्तर पर आम जन की कैसी हालत है। मगर वर्तमान सरकार का नजरिया प्रतिकूल आंकड़ों को सामने ना आ देने का रहा है। तस्वीर बेहतर दिखाने के लिए पैमानों की परिभाषा बदल देना उसकी दूसरी बड़ी तरकीब रही है। मसलन, 2015 में वास्तविक आर्थिक वृद्धि दर को मापने का आधार बदल दिया गया। इससे वास्तविक वृद्धि दर बेहतर नजर आने लगी। इसके अलावा रोजगार की सूरत बेहतर दिखाने के लिए आवधिक श्रम शक्ति सर्वे में स्वरोजगार की एक नई श्रेणी जोड़ दी गई, जिससे पारिवारिक कारोबार में सहयोग करने वाले अवैतनिक कर्मियों को भी रोजगार-शुदा माना जाने लगा। लेकिन परिभाषाएं बदलने से असली हाल नहीं बदल गए हैं। मगर सरकार को उसकी चिंता भी नहीं है। उसकी जुगत सिर्फ यह है कि आर्थिक सुर्खियां खुशहाल तस्वीर पेश करती रहें।

## सू- दोकू क्र.326

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.325 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -326

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :** 1. लज्जा, जापका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्यभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा) 11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. विभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीलन, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।


**ऊपर से नीचे** 1. आत्मनिर्भर, स्वावलंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 325का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | | | | खा | म | खाँ |
| णे | | ल | | झ | प | की | | |
| श | र | ब | त | | टं | | | मि |
| | ज | गा | ना | | प | रा | का | ष्ठा |
| | भी | र | | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | | | प | | | य | |
| म | र | णा | स | न्न | | पा | नी | |
| ची | | | प | | पा | | | भौ |
| न | ज | रा | ना | | स | मा | चा | र |

## राशिफल




**मेष**

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलेगी। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा। आज आप का स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। कोई रिश्तेदार आज आपको बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देंगेग। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। बड़े-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे।




**वृषभ**

आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से पार्टनरशिप करने पर विचार करेंगे। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है।



**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा।




**कर्क**

आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक-झोक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आएगी। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरतें। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोड़ा अधिक मेहनत करने की जरूरत है।



**सिंह**

आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज किसी अनजान व्यक्ति के सहयोग से आपका मन प्रसन्न रहेगा। इस राशि के जातक कैमिस्ट शॉप वाले लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाने की योजना बनाएंगे। महिलाएं आज रसोईघर में व्यस्त रहेंगी। दांपत्य जीवन में खुशियां बरकरार रहेगी।




**कन्या**

आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपको सरकारी कामों में कुछ लोगों से राय मिलेगी, जिससे आपका काम आसान हो जाएगा। आपका कोई पुराना दोस्त आपको फोन करके आपको सरप्राइज देगा। आपकी किसी जरूरी बात पर घर वाले सहमति जताएंगे। तरक्की आज आपके कदम चूमेगी।



**तुला**

आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आप सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। घर पर ही परिवार वालों के साथ धार्मिक कार्यों का आयोजन करेंगे। आज आपकी तरक्की के कई रास्ते खुलेंगे। ऑफिस के काम को थोड़ा संभलकर करने की जरूरत है।



**वृश्चिक**

आज आपको किसी अपने से कोई अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज आप अपने घरेलू कार्यो को पूरा करने में सफल होंगे। आज आपके सकारात्मक रवैये से जीवनसाथी प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन करने जाएंगे।




**धनु**

आज का दिन जीवन में मील का पत्थर साबित होगा। आज व्यापार में किसी ऐसी कंपनी के साथ डील फाइनल होगी, जो आपको उम्मीद से अधिक फायदा कराएगी। वकीलों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, कोई नया केस हाथ लगेगा। दांपत्य जीवन में खुशहाली आएगी, जीवनसाथी के साथ कोई अच्छी मूवी देखने का मन बनाएंगे।




**मकर**

आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपको किसी भी प्रकार के विवादों से दूर रहने की आवश्यकता है। आज बिना सोचे-समझे किसी अजनबी पर भरोसा ना करें। इस राशि के छात्रों को आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। किसी विषय को समझने में आपको अपने सहपाठियों से सहयोग मिलेगा।



**कुंभ**

आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जाएगा। ऑफिस में आप किसी प्रोजेक्ट के लिए अपनी बेहतरीन राय देंगे, बॉस आपके काम की तारीफ करेंगे। आज आप लेखन कार्यों में रुचि लेंगे आपका लेखन और अच्छा होगा। आज आपकी बातें दूसरों पर प्रभाव डालेंगी। अगर आप कोई नया काम शुरू करने की सोच रहे हैं।



**मीन**

आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नई बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए दिन अच्छा है। बेटी के ससुराल पक्ष से कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे नवगठित जिले के सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता

**0 जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने पत्रकारवार्ता आयोजित कर दी भारत जोड़ो न्याय यात्रा की जानकारी**
**0 छ.ग. में पांच दिनों में सात जिला, 5 लोकसभा में भारत जोड़ों न्याय यात्रा का होगा भ्रमण**

*अभिषेक त्रिपाठी*

अंबागढ़ चौकी (दावा)। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ों न्याय यात्रा में नवगठित जिला मोहला मानपुर अंबागढ चौकी जिला के सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस यात्रा के माध्यम से राहुल गांधी छ.ग. वासियों को कौमी एकता, सर्वधर्म सदभाव, भाईचारा का संदेश देते हुए प्रदेश में मंहगाई व बेरोजगारी के अलावा सांप्रदायिक विद्वेश से पीड़ित जनमानश का दुख बाटेंगे। छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आज जिला कांग्रेस कमेटी मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के जिलाध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ों न्याय यात्रा की विस्तार से जानकारी दी। लोकनिर्माण विभाग के विश्राम गृह में आयोजित इस पत्रकार वार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बताया की राहुल जी की भारत जोडो यात्रा छ.ग. में 8 फरवरी को रायगढ़ से प्रवेश करेगी। जानकारी दी गई की यह यात्रा छग में पांच दिन तक भ्रमण करेगी। रायगढ़ से यह यात्रा खरसिया, सक्ति, कोरबा, होते हुए अबिंकापुर जाएगी तथा 14 फरवरी को अंबिकापुर से उत्तरप्रदेश के लिए प्रस्थान करेगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बताया का इस यात्रा में नवगठित जिले के सैकडों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे। पत्रकारवार्ता के दौरान पार्षद शंकर निषाद, मनीष बंसोड, विनोद डेहरिया, मुकेश सिन्हा, प्रमोद ठलाल सहित कांग्रेस पार्टी के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे।

### 67 दिनो में 110 जिलों का भ्रमण करेगी न्याय यात्रा

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बताया की राहुल की भारत जोड़ों न्याय यात्रा की शुरुवात मणिपुर से 14 जनवरी को हुई है। यह यात्रा 67 दिनों में देश के 110 जिलो एवं 100 लोकसभा तथा 337 विधानसभा क्षेत्रों का भ्रमण कर देशवासियों को कौमी एकता, सर्वधर्म सदभाव तथा भाईचारा का संदेश देगी। जिलाध्यक्ष ने बताया की कांग्रेस पार्टी देश की एकता अखंण्डता व सविधान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होने कहा की जनाधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए कांग्रेस पार्टी आजादी से पहले भी सत्याग्रह को एक मजबूत हथियार मानती थी और आज भारत जोडो न्याय यात्रा भी एक परिवर्तक सत्याग्रह साबित होगा।

### न्याय यात्रा से भाजपा में फैली घबराहट

जिला कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कहा की राहुल गांधी की भारत जोड़ों न्याय यात्रा से भाजपा में भय एवं घबराहट फैल गई है। इसलिए ही मणिपुर एवं असम में यात्रा में बाधा डालने के लिए भाजपा साशित राज्यों के नेताओ द्वारा कई प्रकार के ओछी हथकंडे अपनाए गए। लेकिन कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस के कार्यकर्ता कही घबराने वाले एवं रूकने वालों में नही है। जिलाध्यक्ष ने कहा की जो पार्टी के नेता अंग्रेजो से लड़ने में नही घबराए और देश की आजादी तथा देश की एकता, अखंण्डता व सम्प्रभूता की रक्षा के लिए शहादत एवं कुर्बानिया दी है। वे कैसे आज गोडसे के विचारधाराओं से प्रभावित लोगों के आतंक व हथकंडों से भयभीत हो सकते है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का जन्म ही देश के लिए बलिदान तथा त्याग के साथ सेवा के संकल्प के लिए ही हुआ है। और कांग्रेस कार्यकर्ता पिछले 138 वर्शो से यही काम कर रहे है।

### भाजपा की कथनी और करनी में अंतर

पत्रकारवार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने भाजपा पर कडे प्रहार किए। उन्होंने कहा की भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है। छ.ग. में सरकार में आने के लिए भाजपा ने हर महिलाओं को महतारी वंदना के माध्यम से एक एक हजार देने का वायदा किया था। साथ ही किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी तथा एकमुश्त 3100 रूपए भुगतान एवं पिछले दो वर्ष 2015-16 व 2016-17 का बोनस देने का वायदा किया था लेकिन सरकार में आने के बाद अब अपनी बातों से ही पलट गए है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया की पीएम मोदी द्वारा 2014 में किया गया अच्छे दिन का वायदा, सौ दिन में महंगाई कम करने, किसानों की आय दोगुनी करने, हर वर्ष दो करोड़ युवाओं को रोजगार, विदेशों में जमा काला धन वापस लाने एवं हर भारतवासी के खाते में पंद्रह-पंद्रह लाख डालने का वायदा पिछले दस वर्षो में पुरा नही हो पाया है। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया की भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है। वह जो कहती है उसे पुरा नही करती है।

## पहला कॉलम...

### रामचरितमानस हमें जीने की कला सिखाता है- हीरेंद्र साहू



डोंगरगांव (दावा)। तरुण मानस मंच अयोध्या धाम कुमरदा, आदर्श रामायण समिति खुर्सीटिकुल व घुमरिया धाम तुमड़ीलेवा रामायण प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष जिला भाजपा किसान मोर्चा राजनांदगांव हिरेंद्र कुमार साहू रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि रामचरित मानस मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जीवनी हमें जीने की कला सिखाती है। जिस पर प्रभु श्रीराम भगवान होते हुई भी मनुष्य की तरह मानवता को ध्यान में रखते एक पुत्र होने की नाते पिता के आज्ञा का पालन किया, एक बेटा होने का भी माता के आदेश का पालन किया, भाई होने के नाते अपने भाइयों को समान प्रेम किया, पति होने नाते शिष्टाचार के रूप में प्रस्तुत हुए, एक राजा के रूप में भी प्रभु श्रीराम जी का आदर्श राजा होने का प्रमाण है। रामचरितमानस मनुष्य जीवन में एक आदर्श जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है। 22 जनवरी को लगभग 500 वर्ष के बाद मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का अयोध्या धाम में प्राण प्रतिष्ठा, विधिवत पूजा अर्चना कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भव्य मंदिर का उद्घाटन किया। जहां भगवान के दर्शन के लिए विदेश से भी भक्त पहुंच रहे हैं। विश्व गुरु के स्थान पर भारत को ले जाना है और 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बोधन साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोपाल साहू, उपाध्यक्ष अंजली शर्मा, नुनकरण भुआर्य, महामंत्री अनंत तिवारी, मंत्री जिला युवा मोर्चा नवीन साहू सोशल मीडिया जिला कांतिलाल साहू, ग्राम पटेल ज्ञानचंद साहू, किशन साहू, लक्ष्मी साहू, योगेंद्र राजपूत, पूनम साहू, मूलचंद सेन, रामू राउटे, ओंकार, दुष्यंत साहू, यमन साहू, सोहर, वामन त्रिभुवन सेन आदि उपस्थित रहे।

### पदोन्नति और जीपीएफ पासबुक संधारण करने की मांग को लेकर फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन



राजनांदगांव (दावा)। 19 जनवरी को सहायक संचालक आदित्य खरे को जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव के नाम छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/ समग्र शिक्षक फेडरेशन द्वारा जिलाध्यक्ष रमेश कुमार के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने जिले के सहायक शिक्षकों की वरिष्ठता सूची जारी कर प्रधान पाठक प्राथमिक शाला में पदोन्नति करने और जीपीएफ पासबुक संधारण करने के लिए चारों ब्लाक मुख्यालय राजनांदगांव, डोंगरगढ़, डोंगरगांव, छुरिया में शिविर लगाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के दौरान सहायक संचालक खरे ने सहायक शिक्षकों की समस्याओं को हल करने का आश्वासन दिया। विदित हो कि इससे पूर्व भी छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन इन मांगों को लेकर ज्ञापन सौंप चुके हैं। जिला शिक्षा अधिकारी भी चारों विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को जीपीएफ पासबुक संधारण करने के संबंध में निर्देश दे चुके हैं पर आज तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है जिसके कारण से सहायक शिक्षकों में आक्रोश है। फेडरेशन ने शिक्षकों की समस्याओं को शीघ्र ही हल करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान फेडरेशन के पदाधिकारियों में रमेश कुमार साहू जिलाध्यक्ष, ओमप्रकाश साहू जिला संयोजक, ललित प्रताप सिंह, भरत साहू, भुनेश्वर सेन, सूरज शर्मा, विष्णु प्रसाद साहू, लक्ष्मण लाल भगत, रामदेव देवांगन, जसबीर लकड़ा, अतुल यदु की उपस्थिति रही।

### महरुम में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण 10 फरवरी से

खुज्जी (दावा)। खुज्जी समीपस्थ ग्राम महरूम में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा (नव्वाह यज्ञ) का धार्मिक आयोजन 10 फरवरी शनिवार से दिनांक 18 फरवरी रविवार तक रखा गया है, प्रवचनकर्ता भागवत विभूति पंडित कामता प्रसाद तिवारी अरजकुंड (करमरी) वाले के व्दारा होगा। यह आयोजन समस्त राजपूत क्षत्रिय वंशिय दीक्षित परिवार किया जा रहा है व साथ ही समस्त ग्रामवासियों ने विनंती की है कि इस देवी भागवत महापुराण में शामिल होकर धर्मलाभ लें व अपना जीवन सफल बनावें।

## वनभूमि पर अवैध ईंट भट्ठा, राजस्व विभाग ने की कार्यवाही



मौके पर 70 हजार कच्चा ईंट बरामद

छुरिया (दावा)। क्षेत्र में अवैध रूप से कई जगह ईंट भट्ठों की भरमार है। अवैध रूप से नदी, नालों के किनारे लाल ईंट का निर्माण धडल्ले से किया जा रहा है।

इन अवैध कारोबारियों द्वारा वन विभाग की भूमि पर भी ईंट भट्ठे बनाकर ईंट का निर्माण किया जा रहा था। जिसकी सूचना मिलने पर राजस्व विभाग के अमले ने कार्यवाही करते हुए मौके पर 70 हजार ईंट की बरामदी की है। जिसे खनिज विभाग को कार्यवाही के लिए सौंप दिया है।

मिली जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत घोघरे के जंगल जमीन वनभूमि पर नाला के किनारे बड़े वृहद पैमाने पर अवैध रूप से कच्चा ईंट का निर्माण कार्य किया जा रहा था। जिसकी सूचना मिलने पर राजस्व निरीक्षक वर्मा, हल्का नं.19 के पटवारी आशीष साहू एवं छुरिया पटवारी डोमेन्द्र कोमा ने मौके पर पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया जहां उन्होंने पाया कि अवैध रूप से इस जगह पर ईंट का निर्माण कार्य किया जा रहा है। स्थल पर पंचनामा बनाया गया। जहां लगभग 70 हजार ईंट की बरामदी की गई है ।

### इमारती लकड़ी का मिला जखीरा

वनभूमि पर अवैध ईंट भट्ठे के पास राजस्व विभाग के अमले को बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित इमारती लकड़ियों का जखीरा भी मिला है। बताया जाता है कि इन लकड़ियों के माध्यम से वे लाल ईंटों को पकाते हैं। जिसका भी प्रकरण राजस्व विभाग ने बनाया है।

### खनिज विभाग को सौंपा मामला

मंगलवार को ग्राम घोघरे के नाला के किनारे अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठे पर कार्यवाही करते हुए राजस्व विभाग के निरीक्षक एवं पटवारी ने पंचनामा कार्यवाही करते हुए खनिज विभाग को कार्यवाही के लिए अग्रेषित किया है।

## महतारी वंदन योजना को ग्रामीण अंचल में मिल रहा अच्छा प्रतिसाद



फार्म भरने महिलाओं की लग रही भीड़

खुज्जी (दावा)। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना का लाभ लेने अब ग्रामीण अंचल की महिलाओं में भी जागरूकता दिखाई देंने लगी है। पंचायत सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा शिविर लगा कर आवेदन फार्म जमा किये जा रहे हैं अलावा इसके पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन फार्म भी भरे जा रहे हैं, डोंगरगांव विकासखण्ड के ग्राम पंचायत खुज्जी, दर्री, बड़भूम, नादिया, बड़गांव चारभांठा, भटगुना खुर्शीपार सहित अंचल के अनेक ग्रामों की महिलाओं में इस योजना को लेकर उत्साह का माहौल देखा जा रहा है, शासन की महती महतारी वंदन योजना का लाभ लेने महिलाएं स्वस्फूर्त सामने आ रही हैं।

## कलेक्टर ने महतारी वंदन योजना के पंजीयन में तेजी लाने दिए निर्देश



**0 वार्डों में जाकर महतारी वंदन योजना का पंजीयन करके, एंट्री करें- कलेक्टर**
**0 कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने जिला अधिकारियों से**

खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में मंगलवार को विभागीय अधिकारियों की समय सीमा की बैठक ली। इस दौरान महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना सहित अन्य योजनाओं में प्रगति की जानकारी लेकर समीक्षा की और विभागीय कार्यों में तेजी लाने निर्देश दिए।

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने शासन की फ्लैगशिप महतारी वंदन योजना की जिले में प्रगति की समीक्षा करते हुए पंजीयन में तेजी लाने दिए निर्देश दिए। उन्होंने सर्व सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वार्डों में जाकर महतारी वंदन योजना का पंजीयन करके, प्रतिदिन एंट्री कराएं। इस दौरान प्रधानमंत्री विश्कर्मा योजना की जानकारी लेकर, निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर डीएस राजपूत, डॉ. नेहा कपूर, एस.डी.एम. खैरागढ़ प्रकाश राजपूत, संयुक्त कलेक्टर डॉ.ज्योति पटेल, परियोजना निदेशक जितेन्द्र कुमार साहू, डिप्टी कलेक्टर टंकेश्वर प्रसाद साहू, एसडीएम छुईखदान रेणुका रात्रे सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### अटल पोर्टल में सभी विभाग समय-समय पर जानकारी अपडेट करते रहे- चंद्रकांत वर्मा

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने कहा कि सभी विभागों के अंतर्गत संचालित योजनाओं और गतिविधियों की जानकारी अटल पोर्टल में नियमित अपडेट करते रहें। प्रत्येक समय सीमा की बैठक में अटल पोर्टल पर विभागों के एंट्री और कार्यों की समीक्षा की जायेगी। उन्होंने कहा कि शासन सभी कार्यों को ऑनलाइन मॉनिटरिंग करती है, सभी कार्यों को समय सीमा में गंभीरता पूर्वक करें।

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने सभी विभागों से विभागीय सेटअप की जानकारी ली। उन्होंने विभागों में मानव संसाधन की कमी को दूर करके कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से स्वीकृत और वितरित पदों की जानकारी ली। जिनमें लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, जनसंपर्क, जिला पंचायत, आबकारी विभाग, खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग, उद्यान विभाग, रोजगार कार्यालय, परिवहन विभाग आदि ने जानकरी दी। इस पर कलेक्टर ने कहा कि जिन विभागों विभागीय सेटअप हेतु शासन को पत्र प्रेषित किए हैं, उनकी जानकारी प्रस्तुत करें और आवश्यकता के अनुसार पत्राचार करके कमी को दूर करें।

## पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुराण कथामृत 10 से



खुज्जी (दावा)। समीपस्थ ग्राम चंदिया में दिनांक 10 तथा 11 फरवरी को अखिल भारतीय गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार (उत्तराखण्ड) के तत्वावधान में दो-दिवसीय पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ प्रज्ञापुराण कथामृत का धार्मिक आयोजन रखा गया है, प्रथम दिवस 10 फरवरी शनिवार को 10 बजे मंगल कलश यात्रा दोपहर 1 बजे से देवपूजन, देवस्थापना व सांय 4 बजे से पावन प्रज्ञा पुराण कथामृत होगा। द्वितीय दिवस दिनांक 11 फरवरी रविवार को प्रातः 8 बजे से पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ तथा विभिन्न संस्कार पूर्णाहुति, सांय 4 बजे से पावन प्रज्ञा पुराण कथामृत, दीपयज्ञ एवं टोली की बिदाई होगा। यह जानकारी आयोजक, समिति गायत्री परिवार एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम चंदिया ने दी है।

## छुईखदान कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में भार्राशाही




छुईखदान (दावा)। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में भारी भार्राशाही का आलम देखने को मिल रहा है। केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन सही ढंग से नहीं हो पा रहा है। छुईखदान क्षेत्र के बहुत सारे कृषक लिखित जानकारी दी है कि कृषि संबंधी शासकीय योजनाओं का लाभ लेने एवं शासकीय योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त करने वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय छुईखदान पहुंचते हैं जहां पर मुख्य अधिकारी अधिकतर गायब पाए जाते हैं।

अधिकारी के संबंध में पूछने पर अधिकतर दौरे मीटिंग में जाना बताए जाते हैं। अन्य कर्मचारी शासकीय योजनाओं के संबंध में कृषकों को जानकारी नहीं दे पाते और ना ही अच्छे से व्यवहार किया जाता है। दूर-दूर से आए कृषक मायूस होकर बिना काम हुए घर लौटते हुए दिखाई देते हैं कृषि विभाग द्वारा समय-समय पर शासन द्वारा प्रदाय किए जाने वाला निःशुल्क बीज किट वितरण में भारी भार्राशाही किया जा रहा है। निःशुल्क बीज किट वितरण में उच्च वर्ग के एक ही परिवार के कई कृषकों को बीज व कीट प्रदाय कर दिया गया है। इसी प्रकार वन क्षेत्र का कई कृषक का नाम निःशुल्क बीच किट कृषि वितरण विभाग की सूची में है। परंतु उक्त वन क्षेत्र के कृषकों को आज तक निःशुल्क बीज कीट मिला ही नहीं है जो एक बड़े जांच का विषय है। किस-किस किसान को कौन सा बीज कितने मात्रा में दिया गया है। इसकी जानकारी मांगने पर जानकारी नहीं दी जाती है। छुईखदान क्षेत्र में 172 कृषि सेवा केंद्र की दुकानें संचालित है इन दुकानों को अपने लाइसेंस का हर वर्ष नवीनीकरण करवाना पड़ता है। दुकानदारों से जानकारी मिली है की नवीनीकरण के नाम से हर वर्ष मोटा रकम इन दुकानदारों से वसूला जाता है अधिकारियों के द्वारा। छत्तीसगढ़ में सरकार तो बदल गई परंतु यहां के कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने अपना रवैया जस के तस रखा हुआ है। क्या यहां मोदी की गारंटी के तहत कार्यवाही की जाएगी।

## दो दिवसीय पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुराण कथामृत

खुज्जी (दावा)। खुज्जी समीपस्थ ग्राम चंदिया में दिनांक 10 फरवरी तथा 11 फरवरी को अखिल भारतीय गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार (उत्तराखण्ड) के तत्वावधान में दो-दिवसीय पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ प्रज्ञा पुराण कथामृत का धार्मिक आयोजन रखा गया है, प्रथम दिवस 10 फरवरी शनिवार को 10 बजे मंगल कलश यात्रा दोपहर 1 बजे से देवपूजन, देवस्थापना व सायं 4 बजे से पावन प्रज्ञा पुराण कथामृत होगा। द्वितीय दिवस 11 फरवरी रविवार को प्रातः 8 बजे से पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ तथा विभिन्न संस्कार पूर्णाहुति, सायं 4 बजे से पावन प्रज्ञा पुराण कथामृत, दीपयज्ञ एवं टोली की बिदाई होगा।

## प्रज्ञागिरी के निर्माता पूज्य भदंत संघरत्न मानके की अध्यक्षता में पञ्ञा मेत्ता संघ द्वारा 31वाँ अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन संपन्न



डोंगरगढ़/कलकसा (दावा)। प्रज्ञागिरी पर्वत डोंगरगढ़ पर पञ्ञा मेत्ता संघ द्वारा 31 वाँ अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन प्रज्ञागिरी के निर्माता धम्मदूत पूज्य भदंत संघरत्न की अध्यक्षता में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। जिसमें लाखों की संख्या में जनमानस उपस्थित हुआ, कार्यक्रम में मुख्य उद्घाटक पूज्य भदंत खोशोतानि, पीएमएस जापान कमिटि विहाराधीपति साईकोजीगुमा, जापान, मुख्य अतिथि भदंत शोताई याकोयामा, उपाध्यक्ष पीएमजे, विहाराधीपति तोनाजी विहारा, जापान, भदंत एनयू मुराखामी, उपाध्यक्ष पीएमजे, विहाराधीपति एमेजी विहार जापान, भदंत एगे कावागुचि, विहाराधीपति खाईगाजी विहार, जापान, भदंत एनक्यों मनीवा, जापान, भदंत न्यूज्यो नाकाजीमा प्रबंध हीएईपर्वत विहार, विहाराधीपति एदोबो, जापान, विशेष अतिथि पूज्य भदंत बुद्धघोष, पूज्य भदंत मेत्तानंद, पूज्य भदंत नागसेन, पूज्य भदंत डॉ शिलरत्न, पूज्य भदंत संघकीर्ति, पूज्य भदंत धम्मानंद, पूज्य भदंत रेवत, पूज्य भदंत रत्नसार, पूज्य भदंत महेंद्र रत्न, पूज्य भदंत देवानंद, पूज्य भदंत धम्मतप, पूज्य भदंत धम्म शिखर, पूज्य भिक्खुणी खेमा एवं समस्त पञ्ञा मेत्ता संघ यूथ, डोंगरगढ़वासी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में पाली, जापानी, थाईलैंड, बरमा भाषा में बुद्ध वंदना किया गया एवं मानव कल्याण हेतु धम्म उद्बोधन दिया गया एवं पूज्य भदंत संघरत्न मानके जी ने कहा की बुद्ध का धम्म सभी के लिए है, बुद्ध के लोक कल्याणकारी धम्म को स्वयं में उतारने का प्रयास करना चाहिए, जिससे सभी का कल्याण हो, मंगल हो, मैत्री हो।

## गृह विज्ञान विभाग के प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने किया आंगनबाड़ी भ्रमण



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ की प्राचार्य डॉ. ई. व्ही. रेवती के मार्गदर्शन में एवं गृहविज्ञान विभागाध्यक्ष श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी के निर्देशन में गृह विज्ञान विभाग के प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा ठेठवारपारा के आंगनबाड़ी भवन का भ्रमण किया गया। आंगनबाड़ी में उपस्थित बच्चों को गृह विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा गुड हैबिट्स पोस्टर स्वास्थ्य पोस्टर, पोषण पोस्टर, फ्लैशकार्ड इत्यादि माध्यमों से जागरूक करने का प्रयास किया एवं कुपोषण रेट का भी जाया जा लिया जिसमें सभी बच्चे स्वस्थ पाए गए।

## पहला कॉलम...

### प्रदेश की हर पात्र हितग्राही को मिलेगा महतारी वंदन योजना का लाभ - बिसेसर साहू



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा नेता बिसेसर साहू ने बयान जारी कर महिला वर्ग से कांग्रेस के भ्रामक प्रचार और झूठे दावों का भरोसा न करने अपील की है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने मोदी की गारंटी की तहत जितनी भी योजनाओं का वायदा किया है, उन्हें अक्षरशः पूरा किया जा रहा है। इसके तहत प्रदेश की महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिवर्ष 12 हजार रुपए सरकार की ओर से मिलेंगे, जिसकी प्रक्रिया 5 फरवरी से शुरु हो गई है। इसका आवेदन निःशुल्क किया जाना है। न्यूनतम दस्तावेजी व सरल प्रक्रिया से महिलाएं इस योजना से जुड़ पाएंगी। 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से इस योजना के तहत प्रतिमाह एक हजार रुपए की राशि महिलाओं को मिलनी शुरु हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि-कांग्रेस महतारी वंदन योजना को लेकर भ्रम पैदा कर रही है जो कि अनुचित है। उनके लिए खिसीयानी बिल्ली खंभा नोचे जैसी स्थिति है। पांच साल सत्ता में रहकर पूर्ववर्ती भूपेश सरकार ने योजनाओं की आड़ में सिर्फ भ्रष्टाचार किया। नरवा-गरवा-घुरवा-बाड़ी और फिर गौठान योजना के ढांचे असल में भ्रष्टाचार का नमूना साबित हुए। कांग्रेस सरकार के दौरान छत्तीसगढियों को छला गया। इसलिए जनता ने दोबारा भाजपा को सत्ता सौंपकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वायदों और विकास की विचारधारा पर भरोसा जताया है।

बिसेसर साहू ने कहा कि-महतारी वंदन योजना से महिलाओं के जुड़ने के लिए न्यूनतम दस्तावेज मांगे जा रहे हैं। इसमें विवाह प्रमाण पत्र होना ही आवश्यक नहीं है, अपितु इसके लिए वैकल्पिक दस्तावेज भी शामिल हैं जिससे प्रक्रिया आसान हो गई है। विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता महिला भी योजना के लिए पात्र होंगी, ये एक बड़ी पहल है। जगह-जगह पर भाजपा के कार्यकर्ता भी हितग्राहियों की मदद के लिए भी प्रयासरत हैं जिसके लिए शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि-प्रदेश की किसी भी पात्र हितग्राही को चिंतित होने की जरुरत नहीं हैं। समानता, समान अधिकार की विचारधारा को पोषित करने वाली भाजपा सरकार सभी वर्गों को विकास की ओर साथ लेकर बढ़ रही है।

### मानपुर क्षेत्रांतर्गत अति नक्सल प्रभावित ग्राम घोटिया में जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित



0 चलित थाना एवं सामुदायिक पुलिस कार्यक्रम का आयोजन ग्राम घोटिया में जनचौपाल लगाकर सुनी गई लोगों की समस्याएं
0 पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करने हेतु सामुदायिक पुलिसिंग के तहत पहल

मोहला (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी श्रीमती रत्ना सिंह (भा.पु.से.) के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन प्रशांत कतलम, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मानपुर मयंक तिवारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उप निरीक्षक रविशंकर डहरिया के कुशल नेतृत्व में आज 5 फरवरी को सुग्घर जन सुरक्षित मोहला अभियान सामुदायिक पुलिसिंग जागरूकता अभियान के तहत चलित थाना एवं सामुदायिक पुलिस कार्यक्रम का आयोजन अति नक्सल प्रभावित ग्राम घोटिया में जन चौपाल लगाकर की गई। बैठक में ग्रामीण और बच्चे सम्मिलित हुये सभी को वर्तमान में हो रहे सायबर क्राईम, एटीएम फ्राड, वाट्सअप, केवाईसी, लाटरी लगने के नाम पर, फेसबुक इस्टाग्राम में अंजान लोगों से साझा न करने तथा शराब सेवन कर वाहन न चलाये, मोटर साइकल में तीन सवारी सफर न करें, हेलमेट पहनकर मोटर साइकल चलाने और यातायात नियमों का पालन करने, फेरी वाले, कंबल व अन्य सामग्री बेचने वाले, सोना चांदी गहनों की सफाई के नाम पर धोखाधडी करने वाले अंजान लोगों के गांव में आने पर पुलिस को तत्काल सूचना देवें, घरेलु हिंसा, महिला संबधी अपराध, टोनही प्रताड़ना, पॉस्को एक्ट, प्रसूती आधार कार्ड लिंक, केवाईसी लिंक, ओएलएक्स, चिटफंड, वाट्सअप, फेसबुक व इस्टाग्राम में अश्लील विडियो व फोटो, जाति धर्म के प्रति लोगों के भावना को ठेस न पहुंचे इस प्रकार की मैसेज न भेजे बच्चों को विद्यालय भेजने, अनावश्क रोड में चक्काजाम नही करने, नशा नही करने और मानव जीवन में शिक्षा के महत्व पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। गांव में किसी प्रकार की अपराध घटित होने पर तुरंत थाना में सूचना देने की समझाइश दी गई तथा कांस्टेबल भर्ती के बारे में बताकर अधिक से अधिक लोगों को फॉर्म भरने कहा गया। ग्रामीणों द्वारा किसी प्रकार की शिकायत नहीं किया गया। ग्राम में रोड की समस्या बताया गया। इस बैठक में ग्राम पटेल और अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# पेट्रोलियम स्पोर्टस और एयर फोर्स के मध्य होंगी खिताबी भिडंत



० 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता-2024
० आर्मी स्पोर्ट्स व सेल अकादमी खेलेगीं तीसरे, चौथे स्थान के लिये मैच

राजनांदगांव (दावा)। पहले एकतरफा सेमीफायनल मैच में स्टार खिलाड़ियों से भरी-पूरी पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड नई दिल्ली ने सेल हॉकी अकादमी राउरकेला को 6-0 गोल से एवं दूसरे खेले गये रोमांचक वे संघर्षपूर्ण सेमीफायनल में एयर फोर्स नई दिल्ली ने सडनडेथ के जरिये आर्मी स्पोर्ट्स कन्ट्रोल बोर्ड नई दिल्ली को 13-12 गोल से हराकर 80वीं महंत राजा सर्वेश्वरदास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के फायनल में पहुंच गई है। फायनल मैच आज 7 फरवरी को अन्तर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में अपरान्ह 3 बजे से खेला जायेगा। आज स्पर्धा में आयोजन समिति के अध्यक्ष व कलेक्टर संजय अग्रवाल, उपाध्यक्ष व पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, संयुक्त कलेक्टर व प्रभारी अधिकारी स्टेडियम समिति, के. एल. वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल, सौरभ मिश्रा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

स्टेडियम समिति द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेली जा रही है 80वीं महंत राजा सर्वेश्वरदास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के नौवे दिन खेला गया। स्पर्धा का दूसरा सेमीफायनल मैच हॉकी नर्सरी के लोगों के लिये यादगार साबित होगा। एक समान व दमखम से भरी-पूरी एयर फोर्स व आर्मी इलेवन की टीमों के मध्य खेला गया यह मैच अब तक का काफी तेज गति से व रोमांचक रहा हालाकि मैच एयर फोर्स ने सडनडेथ के जरिये आर्मी स्पोर्ट्स को 13-12 गोल से हराया। मैच के प्रारम्भ के दूसरे व तीसरे मिनट में एयर फोर्स के सुखदेव सिंह ने शानदार मैदानी गोल करके अपनी टीम को 2-0 गोल की बढ़त दिला दी थी लेकिन खेल के 15वें मिनट में आर्मी के सुमित पाल सिंह ने और 23वें मिनट में जोबनप्रीत सिंह ने गोल कर मध्यांतर पूर्व 2-2 गोल की बराबरी पर ला दिया था। उत्तरार्ध के खेल में भी दोनों ही टीमें दम लगाती रहीं और 46वें मिनट में एयर फोर्स को पेनाल्टी कार्नर मिला जिसे एम वी करियप्पा ने गोल में तब्दील कर अपनी टीम को 3-1 गोल की बढ़त दिला दी लेकिन 2 मिनट बाद ही आर्मी के जगजोत सिंह ने 48वें मिनट में शानदार मैदानी गोल कर मैच 3-3 गोल की बराबरी पर ला दिया। यह स्कोर मैच समाप्ति तक बना रहा जिसके पश्चात् मैच का निर्णय पहले पेनाल्टी शूटआउट के द्वारा लिया गया जिसमें भी दोनों टीमें 3-3 गोल की बराबरी पर रही। इसके बाद सडनडेथ के सहारे मैच का निर्णय प्रारम्भ हुआ जिसमें वे पहले व दूसरे सडनडेथ में दोंनो टीमें 3-3 गोल की बराबरी पर थी लेकिन मैच के 11वें सडनडेथ में जहां आर्मी के हरमन सिंह कप्तान ने गोल नहीं कर सका वहीं एयर फोर्स के मनीप केरकेटा ने निर्णायक गोल करते हुए अपनी टीम को जीत दिलाने के साथ ही फायनल में भी पहुंचा दिया। इससे पहले खेले गए स्पर्धा के एक अन्य सेमीफायनल में पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड नई दिल्ली ने सेल हॉकी अकादमी राउरकेला को एकतरफा मुकाबले में 6-0 गोल से हराकर फायनल में जगह बनाई। स्टार खिलाड़ियों से भरी पूरी पेट्रोलियम स्पोर्ट्स के टीम ने खेल के 6वें मिनट में गुरजिन्दर सिंह 23वें मिनट में रजिन्दरसिंह 41वें मिनट में गुरजिन्दर सिंह के गोल से 3-0 गोल की बढ़त बना ली, तीनों ही गोल पेनाल्टी कार्नर के द्वारा किये गए थे पेट्रोलियम की ओर से चौथा गोल 44वें मिनट में शैलेन्द्र लकरा ने पांचवा गोल 47वें मिनट में गुरजिन्दर सिंह ने और 6वां गोल 55वें मिनट में अमनदीप ने किया था।

आज के खेले गए सेमीफायनल मैच में राजेश जैन द्वारा प्रदत्त मैन-ऑफ-द-मैच का पुरस्कार पहले मैच में पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड नई दिल्ली के गुरजिन्दर सिंह और दूसरे सेमीफायनल मैच में एयर फोर्स के पी.ई.पोनन्ना को पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

### आज हाई लाईनर व फायनल मैच

० पहला मैच दोपहर 01:45 बजे से आर्मी स्पो. कन्ट्रोल बोर्ड नई दिल्ली विरूद्व सेल अकादमी राउरकेला
दूसरा मैच दोपहर 3.15 बजे से एयरफोर्स नई दिल्ली विरूद्ध पेट्रोलियम स्पो. प्रमोशन बोर्ड नई दिल्ली
० आज 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का समापन व पुरस्कार वितरण समारोह

राजनांदगांव (दावा)। स्टेडियम समिति द्वारा आयोजित 80वीं महंत राजा सर्वेश्वरदास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मैच व समापन समारोह अन्तर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फहॉकी स्टेडियम मे आज 7 फरवरी को दोपहर 3 बजे से आयोजित है। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ रमन सिंह, अध्यक्ष, छ.ग. विधानसभा होंगे व समारोह की अध्यक्षता टंकराम वर्मा, मंत्री, राजस्व आपदा प्रबंधन, खेल एवं युवा कल्याण छ.ग. शासन एवं समारोह के विशिष्ट अतिथिगण अभिषेक सिंह पूर्व सांसद राजनांदगांव, मधुसूदन यादव पूर्व सांसद राजनांदगांव, खूबचंद पारख पूर्व उपाध्यक्ष 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति, सुरेश एच.लाल समाजसेवी, संतोष अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष रानी सूर्यमुखी देवी राजगामी सम्पदा न्यास, रमेश पटेल पूर्व अध्यक्ष रानी सूर्यमुखी देवी राजगामी सम्पदा न्यास, बल्देव सिंह भटिया पूर्व अध्यक्ष छ.ग. क्रिकेट संघ, बहादुर अली समाजसेवी, राजेन्द्र गोलछा समाजसेवी, दिनेश गांधी पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव, नरेश डाकलिया पूर्व महापौर, विनोद खाण्डेकर पूर्व विधायक डोंगरगढ़, किशुन यदु नेताप्रतिपक्ष न.पा.नि. राजनांदगांव, अजीत जैन पूर्व महापौर, तरूण लहरवानी समाजसेवी, हर्ष रामटेके समाजसेवी, श्रीमती रेणुका साहू पूर्व ओलम्पियन राजनांदगांव, मृणाल चौबे पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाडी की उपस्थिति में आयोजित है।

# पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 17 से



० कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक
० अपने अनोखे नियमों के लिये जानी जाती है प्रतियोगिता

राजनांदगांव (दावा)। प्रशासन, पुलिस, प्रेस, पब्लिक सोसायटी के द्वारा आयोजित की जाने वाली पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 2024 का भव्य आयोजन इस बार दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित किया जायेगा। रात्रिकालिन होने वाली इस प्रतियोगिता के संबंध में आज आयोजन समिति के अध्यक्ष व कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक में अनेक निर्णय लिये गये। बैठक में नगर निगम की महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग नगर निगम आयुक्त व सचिव अभिषेक गुप्ता, रमेश पटेल, किशुन यदु नेता प्रतिपक्ष, कुलबीर सिंह छाबड़ा, संयुक्त कलेक्टर के.एल.वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी अरूण वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, प्रेस क्लब के वरिष्ठ सदस्य जितेन्द्र मिश्रा, प्रेस क्लब के अध्यक्ष सचिन अग्रहरि, जिला क्रिकेट संघ के सचिव योगेश बागड़ी, अमित पटेल, नगर पुलिस अधीक्षक, एबीस ग्रुप के शेख नवाबुद्दीन, समाजसेवी विनोद बोहरा, ललित भंसाली, भावेश बैद, शंशाक तिवारी, संदीप यादव, कमलेश सिमनकर, सौरभ मिश्रा, मनोज चौधरी अधिवक्ता, गणेश प्रसाद शर्मा, रूपेश दुबे, राम ठक्कर, अशोक श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्यगण उपस्थिति थे।

प्रशासन, पुलिस, प्रेस, पब्लिक सोसायटी के द्वारा चौथे वर्ष आयोजित की जाने वाली अपने आप में अनोखे नियमों व खेलों के लिये दर्शकों में रोमांच पैदा करने वाली यह प्रतियोगिता 17 फरवरी से 24 फरवरी तक दिग्विजय स्टेडियम में आयोजित की जायेंगी। इस संबंध में आज आयोजन समिति के अध्यक्ष व कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजन समिति की बैठक में प्रतियोगिता रूपरेखा तैयार की गई है इस वर्ष भी यह प्रतियोगिता रात्रिकालिन खेली जायेंगी, जिसमें दस टीमों को दो पूलों में चिट निकालकर पूलों का निर्धारण किया गया है। पूल ए में प्रेस क्लब, नागरिक इलेवन बी, डॉक्टर इलेवन, पुलिस इलेवन, नागरिक इलेवन ए वहीं पूल बी में टैक्स बॉर एसोसिएशन एवं जीएसटी, न्यायालय इलेवन, नगर निगम, नागरिक इलेवन सी एवं प्रशासन इलेवन की टीमों को प्रतियोगिता में प्रवेश दिया गया है। प्रतियोगिता प्रारम्भिक दौर में 8-8 ओव्हर के खेले जायेंगे।

### दिग्विजय महाविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा नशा मुक्त भारत जन जागरुकता रैली का आयोजन




राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव के समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा एम. ओ.यू. गतिविधि के अंतर्गत ग्राम पारीकला में काँफ्लुएंस कॉलेज द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में नशा मुक्त भारत जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ.के.एल.टांडेकर के निर्देशन में तथा समाज कार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू के मार्गदर्शन में संपादित किया गया। उक्त कार्यक्रम में सर्वप्रथम समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में शामिल विद्यार्थियों के साथ शिविर के कार्यक्रम स्थल गौर चौक से रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा ग्रामवासियों को नशा मुक्ति हेतु संदेश दिया गया। रैली का समापन ग्राम पंचायत भवन में किया गया गया। इस कार्यक्रम में समाज कार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू एवं स्ववित्तीय प्राध्यापक सुश्री तारिणी साहू, श्रीमती शालिनी सोनी तथा कनफ्लुएंस कॉलेज से अतिथि प्राध्यापक विजय मानिकपुरी तथा दोनों महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### महतारी वंदन योजनाः आवेदन वितरण व जमा करने आंगनबाडी केन्द्रों में कर्मचारियों तथा आंगनबाडी कार्यकर्ता व सहायिकाओं की आयुक्त ने लगायी ड्यूटी

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में आर्थिक स्वावलंबन, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार, परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका सुदृढ़ करने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना प्रारंभ की है। नगर निगम सीमाक्षेत्र में निवासरत पात्र महिलाओं को योजना का लाभ देने वार्ड में स्थित आंगनबाडी भवनों में आवेदन प्रक्रिया की जायेगी। आवेदन हेतु जिलाधीश संजय अग्रवाल के निर्देश पर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने अधिकारियों व कर्मचारियों को दायित्व सौपा है,जिसके तारतम्य में उपायुक्त श्री मोबिन अली को नोडल अधिकारी बनाया गया है एवं सहायक राजस्व निरीक्षकों, वार्ड प्रभारियों तथा आगनबाडी कार्यकर्ता व सहायिकाओं की ड्यूटी लगायी गयी है। जिनके द्वारा अपने अधिनस्त आंगनबाडी केन्द्रों में आवेदन वितरण व जमा करने की कार्यवाही की जावेगी।

निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि निगम सीमाक्षेत्र के पात्र महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ देने 5 फरवरी से 20 फरवरी तक वार्ड में स्थित आंगनबाडी भवनों में आवेदन प्राप्त कर जमा लिया जायेगा। आवेदन निःशुल्क लिया जावेगा। पात्र आवेदक स्वयं पोर्टल के माध्यम से एवं मोबाईल एप द्वारा भी आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आंगनबाडी केन्द्रों में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2024 हैं। आवेदन प्रक्रिया उपरांत पात्र महिला हितग्राही को राशि का अंतरण 8 मार्च 2024 को किया जाएगा।

आयुक्त श्री गुप्ता ने पात्रता के संबंध में बताया कि महतारी वंदन योजनांतर्गत छत्तीसगढ़ की स्थानीय निवासी महिला पात्र है। आवेदक के कैलेण्डर वर्ष अर्थात जिस वर्ष आवेदन किया जा रहा है, उस वर्ष की 1 जनवरी को विवाहित महिला की आयु 21 वर्ष से कम नहीं होना चाहिए। विधवा, तकालशुदा, परित्यक्ता महिला भी योजना के पात्र होंगी। हितग्राही पात्र महिला को प्रतिमाह 1000 रूपए का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। सामाजिक सहायता कार्यक्रम, विभिन्न पेंशन योजनाओं से पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं को 1000 रूपए से कम पेंशन राशि प्राप्त होने से शेष अंतर राशि का भुगतान किया जाएगा। योजना का लाभ लेने के लिए पात्र महिला आवेदक को स्वसत्यापित स्वयं की पासपोर्ट साईज फोटो, स्थानीय निवासी के संबंध में निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड या मतदाता पहचान पत्र दस्तावेज, स्वयं का एवं पति का आधार कार्ड, यदि हो तो स्वयं का एवं पति का पैन कार्ड, विवाह का प्रमाण पत्र या ग्राम पंचायत व स्थानीय निकायों द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि विवाहित होने की पुष्टि के संबंध में कोई भी दस्तावेज उपलब्ध न हो तो विवाहित महिला द्वारा स्वघोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि विधवा होने की स्थिति में पति की मृत्यु का प्रमाण पत्र, परित्यक्ता होने की स्थिति में समाज द्वारा जारी, वार्ड या ग्राम पंचायत द्वारा जारी प्रमाण पत्र एवं जन्म प्रमाण पत्र कक्षा 10वीं या 12वीं की अंकसूची या स्थानांतरण प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस, पात्र हितग्राही का बैंक खाते का विवरण एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति, स्वघोषणा पत्र या शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि महिला हितग्राही के पास मोबाईल नंबर नहीं है, तो इसके स्थान पर हितग्राही द्वारा राशन कार्ड की छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ अनिवार्यतरू प्रस्तुत किया जाना होगा।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि महतारी वंदन योजनांतर्गत जिनके परिवार का कोई भी सदस्य आयकरदाता हो, जिनके परिवार का कोई भी सदस्य भारत सरकार अथवा राज्य सरकार के शासकीय विभाग, उपक्रम, मण्डल, स्थानीय निकास में स्थायी, अस्थायी या संविदा पदों पर कार्यरत प्रथम वर्ग, द्वितीय वर्ग एवं तृतीय वर्ग के अधिकारी या कर्मचारी हो, जिनके परिवार का कोई भी सदस्य वर्तमान या भूतपूर्व सांसद या विधायक हो, जिनके परिवार का कोई सदस्य भारत सरकार अथवा राज्य सरकार के बोर्ड, निगम या मण्डल में वर्तमान एवं पूर्व अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष हो, वे महिलाए योजना के लिये पात्र नहीं होगे।

**छत्तीसगढ़ विधानसभा में गूंजा पीएससी घोटाला......**

पर फर्जी तरीके से भर्ती की गई है। 5 जुलाई 2023 को मुख्य सचिव से की गई शिकायत में कंवर ने उल्लेख किया है कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा डिप्टी कलेक्टर और अन्य पदों की भर्ती के लिए परीक्षा वर्ष-2019 एवं वर्ष-2020 में लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं सचिव तथा राजनेता के पुत्र-पुत्री एवं रिश्तेदारों की डिप्टी व अन्य पदों पर फर्जी तरीके से भर्ती की गई है।

**सदन में गूंजा पीडीएस वितरण में गड़बड़ी का मुद्दा.......**

ही नहीं हुआ। राशन दुकानों में हजारों मीट्रिक टन चावल रखा है।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जिन दुकानों की जांच हुई, उनसे पांच हजार और 8 हजार लेकर उन दुकानों की बहाली कर दी गई, जो चावल छत्तीसगढ़ सरकार को मिला वह चावल कहां गया? किसके कोटे में गया? पीडीएस वितरण प्रणाली की जांच होनी चाहिए और ऐसे व्यक्ति पर का कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं विधायक धरमलाल कौशिक ने जांच रिपोर्ट की जानकारी मांगी पर अपनी ही सरकार के मंत्री के जवाब से संतुष्ट नहीं होने की बात कही। इसे लेकर लंबी बहस भी हुई। बाद में विधानसभा की जांच समिति की ओर जांच कराए जाने की बात पर वह माने।

**छ.ग. तृतीय अनुपूरक अनुमान विधानसभा में पारित......**

इसी प्रकार बिजली बिल हाफ योजना के लिए 32 करोड़ 32 लाख रुपये, आयुष्मान भारत जन आरोग्य प्रधानमंत्री योजना के लिए 350 करोड़ रुपये, सिम्स में आवश्यक निर्माण कार्य के लिए 15 करोड़ रुपये, नगरीय निकायों में सेंट्रल लाइब्रेरी सह रीडिंग जोन निर्माण के लिए 20 करोड़ रुपये और प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए 38 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

**भारत, दक्षिण अफ्रीका को हराकर पहुंचा फाइनल में**

डेविड टीगर शून्य को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। रिचर्ड सेलेट्सवेन और गिलबर्ट प्रीटोरियस ने दक्षिण अफ्रीका की पारी को संभाला और टीम के स्कोर 118 तक ले गये। 31वें ओवर में मुशीर खान ने मुरुगन अभिषेक के हाथों लुआन ड्री प्रीटोरियस को कैच आउट कराया। उन्होंने 102 गेंदों में 76 रन बनाये। 40 ओवर में ओलिवर व्हाइटहेड 22 रन बनाकर आउट हो गये। कप्तान जुआन जेम्स 24 रन, ट्रिस्टन लुस 23 रन बनाकर नाबाद रहे। जुआन को लिंबानी ने आउट किया। दक्षिण अफ्रीका ने निर्धारित 50 ओवर में सात विकेट पर 244 का स्कोर खड़ा किया।

भारतीय राज लिंबानी ने तीन विकेट लिये। मुशीर खान को दो विकेट मिले। सौमी पांडे और नमन तिवारी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## शेष प्रथम पृष्ठ का

**बढ़ती कीमतों से राहत देने के लिए भारत राइस लॉन्च**

कराएगा। ये एजेंसियां आगे 5 किलोग्राम और 10 किलोग्राम के पैक में चावल पैक करेंगी और 'भारत' ब्रांड के तहत अपने आउटलेट्स के माध्यम से खुदरा बिक्री करेंगी। चावल को ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी बेचा जाएगा।

सरकार ने एफसीआई के चावल की खुदरा बिक्री का सहारा लिया है क्योंकि उसे खुले बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के माध्यम से थोक उपयोगकर्ताओं को समान दर पर चावल की बिक्री करने पर उत्साहजनक परिणाम नहीं मिले हैं। सरकार को उम्मीद है कि भारत आटा की तरह भारत राइस को भी अच्छी प्रतिक्रिया मिलेगी। भारत आटा को उन्हीं एजेंसियों के माध्यम से 27.50 रुपये प्रति किलोग्राम और भारत चना 60 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बेचा जा रहा है।

गोयल ने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्होंने भारत दाल और भारत आटा का उपयोग करना शुरू कर दिया है और दोनों ही बहुत स्वादिष्ट हैं। उन्होंने कहा, मैंने अब भरत राइस खरीदा है। यह भी अच्छी गुणवत्ता का होगा। भारत राइस के कीमत निर्धारण से जुड़े एक सवाल के जवाब में गोयल ने कहा कि इसका सटीक विश्लेषण किया गया है। यह एक सक्रिय सरकार है। 2023-24 में निर्यात पर प्रतिबंध और बंपर उत्पादन के बावजूद चावल की खुदरा कीमतें अभी तक नियंत्रण में नहीं हैं। सरकार ने खुदरा विक्रेताओं, थोक विक्रेताओं, प्रसंस्करणकर्ताओं और बड़ी खुदरा श्रृंखलाओं से जमाखोरी रोकने के लिए अपने स्टॉक का खुलासा करने को कहा है।

भारत राइस लॉन्च करने के कार्यक्रम में उपभोक्ता मामलों के राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति और अश्विनी चौबे, खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा, उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह और भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के सीएमडी अशोक के मीणा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**छग में हुई 145 लाख टन धान की खरीदीः**

लाख हेक्टेयर था। धान खरीदी की व्यवस्था के समानांतर कस्टम मिलिंग का काम भी तेजी से जारी है। उपार्जित धान 144.92 लाख टन में से 105.36 लाख टन धान के उठाव का डीओ जारी किया जा चुका है, जिसके विरूद्ध मिलर्स की ओर से 98.41 लाख टन धान का उठाव किया जा चुका है।

**सीएम विष्णुदेव साय के मीडिया सलाहकार बने पंकज कुमार झाः**

के पूर्वकालिक कार्यकर्ता हैं। 2005 से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के स्थायी आमंत्रित सदस्य हैं। 2004 से अब तक प्रदेश भाजपा के आधिकारिक मुखपत्र दीपकमल के संपादक हैं। इसके साथ ही वे नीति और अनुसंधान विभाग भाजपा छत्तीसगढ़ के सदस्य, पुस्तकालय विभाग भाजपा छत्तीसगढ़ के सदस्य रह चुके हैं। झा को छत्तीसगढ़ के विशेष सचिव के समान ही सुविधाएं मिलेंगी।

## नगर निगम जनदर्शन में अधिकारियों ने सुनी समस्या



राजनांदगांव (दावा)। नागरिकों की समस्या के त्वरित निराकरण के लिये जिलाधीश संजय अग्रवाल के निर्देश पर सभी विभागों में प्रत्येक सोमवार को प्रात 11:00 बजे से 1:00 बजे तक जनदर्शन का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में इस सोमवार प्रातः 10:30 बजे नगर निगम सभागृह में आयोजित जनदर्शन में निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर विभागीय प्रमुख नागरिकों की समस्या से अवगत हुये। आज के जनदर्शन में लोककर्म विभाग तथा राशन कार्ड संबंधी 04 आवेदन प्राप्त हुये। नागरिकों की समस्या से रूबरू होने, उसका निराकरण करने एवं नागरिकों को शासन की योजना का लाभ देने आयुक्त श्री गुप्ता के निर्देश पर इस सोमवार नगर निगम के सभागृह में प्रातः 10.:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक जनदर्शन लगाया गया। जनदर्शन में 04 आवेदन प्राप्त हुये जिनमें लोककर्म विभाग से विकास कार्य संबंधी 3 आवेदन एवं राशन कार्ड में नाम जोडने संबंधी 1 आवेदन इस प्रकार कुल 04 आवेदन प्राप्त हुये, प्राप्त आवेदनों का अतिशीघ्र निराकरण किया जावेगा।जनदर्शन का प्रमुख उद्देश्य नागरिकों की समस्या का त्वरित निराकरण करना है।



# अरबाज की दूसरी शादी के बाद जॉर्जिया ने ब्रेकअप पर तोड़ी चुप्पी

बॉलीवुड अभिनेता अरबाज खान ने साल 2023 के अंत में दूसरी शादी की। उन्होंने मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से निकाह किया। शूरा से पहले अरबाज खान एक्ट्रेस अभिनेत्री जॉर्जिया एंड्रियानी को डेट कर रहे थे, लेकिन बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया। अब अरबाज की शादी के एक महीने बाद जॉर्जिया ने एक साक्षात्कार में उनसे ब्रेकअप पर खुलकर बातचीत की है। अरबाज खान की शूरा खान से शादी के कुछ दिनों बाद, अभिनेता की पूर्व प्रेमिका जॉर्जिया एंड्रियानी ने हाल ही में एक साक्षात्कार में उनके साथ अपने ब्रेकअप के बारे में खुलकर बात की। अरबाज खान की तारीफ करते हुए जॉर्जिया ने कहा, वे एक अच्छे इंसान हैं। हां, हम अलग हो गए और एक साथी को छोड़ने का खालीपन हमेशा रहेगा। क्योंकि यह आसान नहीं होता।
हमेशा रहेगी उनके लिए फिलिंग
जॉर्जिया ने आगे कहा, आप व्यक्तिगत रूप से किसी के साथ रिश्ते में शामिल होते हैं, लेकिन रिश्ता खत्म होने पर आगे बढ़ना होता है। जियोर्जिया ने कहा, मैं उनके लिए अच्छे की कामना करती हूं और अपने जीवन आगे बढ़ चुकी हैं। हालांकि, जॉर्जिया ने यह भी कहा कि अरबाज उनके सबसे अच्छे दोस्त की तरह थे और उनके लिए दिल में फीलिंग हमेशा रहेगी।

# पूनम पांडे की फर्जी मौत को पब्लिसिटी स्टंट करार देते हुए बोलीं उर्वशी ढोलकिया

उर्वशी ढोलकिया ने कंट्रोवर्शियल एक्ट्रेस पूनम पांडे की फर्जी मौत की घोषणा पर कड़ा विरोध जताया और इसे पब्लिसिटी स्टंट करार दिया है। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री में एडवरटाइजिंग और मार्केटिंग का यह सबसे निचला रूप है। पूनम पांडे के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर सर्वाइकल कैंसर से उनकी मौत की घोषणा करते हुए एक पोस्ट शेयर की गई थी। अब, पूनम ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें कहा गया है कि उनकी मौत की खबर झूठी है। वह जिंदा हैं। ये सब उन्होंने सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए किया था। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए, कसौटी जिंदगी की फेम एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कहा, यह इंडस्ट्री में एडवरटाइजिंग और मार्केटिंग का सबसे निचला रूप है! हां, सर्वाइकल कैंसर पर बात करना और जागरुकता फैलाना महत्वपूर्ण है, लेकिन इस तरीके का पब्लिसिटी स्टंट बिल्कुल गलत था। घिनौना है!!







# बॉलीवुड की इन अभिनेत्रियों की डेब्यू फिल्म रही फ्लॉप

हिंदी सिनेमा में ऐसी कई अभिनेत्रिया हैं, जिनकी पहली फिल्म बुरी तरह फ्लॉप रही, लेकिन इसके बाद उन्होंने इंडस्ट्री बड़ा मुकाम हासिल किया। आज ये अभिनेत्रियां हर दिलों की धड़कन हैं। इनकी हर फिल्म के लिए दर्शक बेसब्री से इंतजार करते हैं। इतना ही नहीं ये एक्ट्रेस आज एक फिल्म में काम करने के लिए भारी फीस भी चार्ज करती हैं, चलिए आज आपको ऐसी ही अभिनेत्रियों के बारे में बताते हैं।
इस लिस्ट में पहला नाम **अभिनेत्री कैटरीना कैफ** का है। कैटरीना ने अपने करियर की शुरुआत साल 2003 में आई फिल्म बूम से किया था। बूम एक ब्लैक कॉमेडी थ्रिलर फिल्म थी, जिसे कैजाद गुस्ताद ने निर्देशित किया था। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन जैसे सुपरस्टार ने काम किया था। आज कैटरीना इंडस्ट्री की सबसे सफल अभिनेत्रियों में से एक है। उनकी हालिया रिलीज मेरी क्रिसमस ने भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया।
बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस **श्रद्धा कपूर** का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। श्रद्धा की पहली तीन पत्ती फ्लॉप रही थी। साल 2010 में आई इस फिल्म में श्रद्धा के साथ अमिताभ बच्चन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आदित्य रॉय कपूर के साथ श्रद्धा की फिल्म आशिकी 2 सफलता की नई इबारत लिखी और इंडस्ट्री में श्रद्धा अपनी पकड़ बनाने में कामयाब हो गई। आज श्रद्धा हिंदी सिनेमा की सबसे सफल अभिनेत्री में से एक हैं, जिन्होंने बीते कुछ समय में एक से बढ़कर एक फिल्में दी। पिछले कुछ सालों में एक के बाद एक कई हिट देने वाली **कियारा आडवाणी** भी इस लिस्ट में शामिल हैं। कियारा आडवाणी ने साल 2014 में फिल्म फगली से अपने एक्टिंग की शुरुआत की थी। फगली बुरी तरह फ्लॉप हुई थी, लेकिन कियारा लोगों के बीच अपनी मौजूदगी दर्ज कराने में कामयाब रहीं। कियारा ने एम एस धोनी द अनटोल्ड लव स्टोरी से दर्शकों के दिल में खास जगह बनाई। इसके बाद उन्होंने कई सफल फिल्मों में काम किया और आज बॉलीवुड की सबसे सफल एक्ट्रेस में शुमार हैं।
बॉलीवुड की बेबो **करीना कपूर** की भी पहली फिल्म को दर्शकों ने नकार दिया था। करीना ने साल 2000 में आई फिल्म रिफ्यूजी में इंडस्ट्री में कदम रखा था। इस फिल्म में उनके साथ अभिषेक बच्चन नजर आए थे। हालांकि, इसके बाद करीना ने इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई और कई सफल में फिल्मों में काम किया। करीना के करियर में एक से बढ़कर एक हिट शामिल हैं।





# मुंबई और लंदन में शूट होगी रणबीर की रामायण

रणबीर कपूर ने साल 2023 में एनिमल से बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया। संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित इस एक्शन क्राइम फिल्म ने रिकॉर्ड कलेक्शन किया और बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही। अब रणबीर कपूर की अगली फिल्म रामायण की चर्चा तेज हो गई है। निर्देशक नितेश तिवारी इस फिल्म की तैयारी में जुटे हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म मुंबई और लंदन में शूट होगी। रिपोर्ट्स की माने तो, रणबीर कपूर की यह फिल्म जल्द ही फ्लोर पर जाएगी। फिल्म का शूटिंग बड़े पैमाने पर मुंबई में होगी, जहां इसका 60 दिन का शेड्यूल होगा। इसके बाद लंदन में भी 60 दिनों तक शूटिंग की जाएगी। रामायण के लंका वाले हिस्से की शूटिंग लंदन में ही की जाएगी, जिसमें रणबीर के साथ सुपरस्टार यश भी शामिल होंगे। चर्चा ये भी है कि रणबीर ने फिल्म में अपनी भूमिका के लिए शराब, मांसाहारी भोजन और लेट नाइट पार्टी से तौबा कर ली है। फिल्म में वे भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं, कहा जा रहा अपने किरदार के प्रति श्रद्धा भाव के चलते रणबीर ने इन सब चीजों को छोड़ा है। गौरतलब है कि रणबीर कपूर के अलावा फिल्म में साई पल्लवी सीता की भूमिका में नजर आएंगी, वहीं, सुपरस्टार यश रावण की भूमिका में होंगे।



# 16 साल बाद ओटीटी से वापसी करेंगी उर्मिला मातोंडकर

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर आज 50 साल की हो गई हैं। उर्मिला का नाम 90 के दशक की टॉप एक्ट्रेसेस में शामिल किया जाता था। इन्होंने जुदाई, रंगीला, सत्या, भूत, कौन जैसी कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया। इनका नाम उस दौर की हाईएस्ट पेड एक्ट्रेसेस में लिया जाता था। कई बार तो इन्हें हीरो से भी ज्यादा फीस मिलती थी। टॉप पर रहने के बावजूद उर्मिला की जिंदगी में एक ऐसा दौर भी आया जब उन्हें फिल्म इंडस्ट्री में काम मिलना बंद हो गया। धीरे-धीरे उर्मिला का करियर डाउनफॉल पर चला गया। दरअसल, इसके पीछे उर्मिला की एक जिद थी जो कि बाद में उन पर ही भारी पड़ गई। 2019 में उन्होंने पॉलिटिक्स में भी किस्मत आजमाई, लेकिन इसमें भी बात नहीं बनी। बतौर लीडिंग एक्ट्रेस उर्मिला की आखिरी फिल्म 'ईएमआई' 2008 में रिलीज हुई थी। इसके बाद इन्होंने फिल्मों में छोटे- मोटे कैमियो किए, लेकिन बतौर हीरोइन इन्हें कोई फिल्म नहीं मिली। अब उर्मिला को ओटीटी के जरिए एक्टिंग में कमबैक करने का मौका मिला है। वो 2024 में वेबसीरीज तिवारी में नजर आएंगीं।

## 16 साल बाद करेंगी कमबैक

बतौर लीडिंग एक्ट्रेस उर्मिला की आखिरी फिल्म 'ईएमआई' 2008 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म के बाद उन्होंने फिल्मों में छोटे-मोटे कैमियो किए थे, लेकिन बतौर हीरोइन उन्हें कोई फिल्म नहीं मिली। अब 16 साल बाद उर्मिला को ओटीटी के जरिए अपना एक्टिंग कमबैक करने का मौका मिला है। वो 2024 में वेबसीरीज तिवारी में नजर आएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो उर्मिला की यह सीरीज मां-बेटी के जज्बाती रिश्तों पर बनी है। फिल्म की कहानी छोटे कस्बे की है, जिसमें उर्मिला का एक्शन अवतार भी देखने को मिलेगा।



# राजकुमार हिरानी की वेब सीरीज में साइबर अपराध सुरक्षा विशेषज्ञ की भूमिका निभाएंगे विक्रांत मैसी



फिल्ममेकर राजकुमार हिरानी अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उनका अगला प्रोजेक्ट विक्रांत मैसी के साथ एक वेब सीरीज है। राजकुमार हिरानी को लेकर यह भी खबर सामने आ रही थी कि वह रणबीर कपूर के साथ अपने अगले प्रोजक्ट के लिए सहयोग करेंगे। हिरानी पहले ही अपने अगले प्रोजेक्ट पर एक बिना नाम की वेब सीरीज पर आगे बढ़ चुके हैं, जिसमें 12वीं फेल अभिनेता विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका में हैं। यह शो आमिर सत्यवीर सिंह द्वारा निर्देशित है, जिन्होंने अतीत में हिरानी की सहायता की है। यह वेब सीरिज साइबर अपराध के इर्द-गिर्द घूमती है। विक्रांत इस सीरीज में साइबर अपराध सुरक्षा विशेषज्ञ की भूमिका निभाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हिरानी न केवल शो का निर्माण कर रहे हैं बल्कि शो के रनर भी होंगे। हाल ही में उन्होंने एक बातचीत में इसकी पुष्टि करते हुए कहा, कुछ कहानियों के लिए लंबे प्रारूप के दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है और उन्हें फिल्म बनाने की आवश्यकता नहीं होती है, जिस पर हम वर्तमान में काम कर रहे हैं। वह कुछ ऐसा है जो हमें कोविड के समय में मिला था। मैं सीरीज में एक शो रनर के रूप में काम करूंगा और इसलिए मैं शो में पूरी तरह से शामिल हो जाऊंगा। यह कुछ ऐसा है जिससे मैं बहुत खुश हूं क्योंकि मैं इसकी स्क्रिप्ट और जिस तरह से इसे आगे बढ़ाया गया है, उसे लेकर उत्साहित हूं।

## विक्रांत मैसी की चौथी वेब सीरीज

एक निर्देशक के रूप में अपने ओटीटी डेब्यू पर बात करते हुए उन्होंने कहा, हां, मुझे अच्छा लगेगा जब किसी दिन मेरे पास बताने के लिए कोई कहानी होगी, लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मेरे लिए मंच कोई मायने नहीं रखता। यदि यह टेलीविजन के लिए है तो इसे टीवी पर होना चाहिए या यदि यह एक लंबा प्रारूप है, तो इसे ओटीटी के लिए बनाएं। निर्माताओं ने इसे दो महीने के लंबे शेड्यूल में शूट करने की योजना बनाई है। यह वेब सीरीज अगले महीने से शुरू होने वाली है और मिर्जापुर, ब्रोकन बट ब्यूटीफुल और क्रिमिनल जस्टिस के बाद यह विक्रांत मैसी की चौथी वेब सीरीज होगी।



# आउटसाइडर्स के हीरो हैं कार्तिक

अभिनेता मनोज बाजपेयी अपने अभिनय और हिट फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। इंडस्ट्री में हर कोई अभिनेता का फैन है, लेकिन मनोज खुद को कार्तिक आर्यन का फैन मानते हैं। हाल ही में, एक अवॉर्ड फंक्शन में अभिनेता ने कार्तिक की जमकर तारीफ की है। यही नहीं, अभिनेता ने अपना अवॉर्ड भी कार्तिक आर्यन को समर्पित किया है। मनोज ने कहा कि कार्तिक बाहर से आने वाले सभी लोगों के सच्चे प्रतिनिधि हैं। मनोज का यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



# ग्लोबल प्रीमियर के लिए तैयार धनुष की कैप्टन मिलर

प्राइम वीडियो ने आज तमिल पीरियड एक्शन-एडवेंचर ड्रामा फिल्म कैप्टन मिलर के विशेष ग्लोबल स्ट्रीमिंग प्रीमियर की घोषणा की। यह फिल्म, त्रयी का पहला भाग है, जिसका निर्देशन अरुण मथेश्वरन ने किया है। अरुण ने इसे अरुणराजा कामराज और मदन कार्की के साथ मिलकर लिखा है। यह सत्य ज्योति फिल्म्स द्वारा निर्मित है। कैप्टन मिलर में धनुष मुख्य भूमिका में हैं। साथ ही शिव राजकुमार, नासर, सुदीप किशन, प्रियंका मोहन और निवेदिथा सतीश भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। आइए जानते हैं कि आप इस फिल्म का ओटीटी पर कब लुत्फ उठा सकेंगे। प्राइम वीडियो की घोषणा के मुताबिक, यह फिल्म भारत और 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में 9 फरवरी को तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में डब के साथ प्रदर्शित होगी। कैप्टन मिलर प्राइम सदस्यता में नवीनतम जुड़ाव का प्रतीक है। भारत में प्राइम सदस्य इस फिल्म का लुत्फ उठा सकेंगे। धनुष की कैप्टन मिलर ने अपनी कसी हुई स्क्रिप्ट, दमदार प्रदर्शन और वर्तमान समय की प्रासंगिकता के लिए आलोचकों और दर्शकों से समान रूप से प्रशंसा अर्जित की है।

## निर्देशन ने जाहिर की खुशी

निर्देशक अरुण मथेश्वरन ने फिल्म की ओटीटी रिलीज पर कहा, कैप्टन मिलर 1930 के दशक पर आधारित है और यह एक ऐसे व्यक्ति की यात्रा बताती है जो आजादी के लिए लड़ रहा है, जो इसे आकर्षक के साथ-साथ भावनात्मक भी बनाता है। फिल्म धनुष को उस तरह से दिखाती है जिसे दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा है, और फिल्म को जो सराहना मिली है उसे देखना अविश्वसनीय रूप से फायदेमंद रहा है। कैप्टन मिलर हमारे प्यार का परिश्रम है, और मैं उत्साहित हूं कि यह फिल्म अब प्राइम वीडियो के साथ भारत और दुनिया भर के दर्शकों तक पहुंच जाएगी।






स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com